कोटद्वार, शुक्रवार
11 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 73 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

**एक नजर**

### गुरु पूर्णिमा पर हरिद्वार के गंगा घाटों पर लगाई आस्था की डुबकी

हरिद्वार। गुरु पूर्णिमा पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाने वालों की काफी भीड़ रही। सुबह से ही हरकी पैड़ी समेत विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने रुख करना शुरू कर दिया था। आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर गंगा स्नान और दान का शास्त्रों में विशेष महत्व बताया गया है। वहीं, शुक्रवार से विधिवत कांवड़ मेले का आगाज भी हो जाएगा। गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे। स्थानीय लोगों समेत देश के दूसरे स्थानों से भी श्रद्धालुओं का जमावड़ा हरिद्वार में रहा। पुण्य कमाने के लिए श्रद्धालु प्रातः काल से ही गंगा के विभिन्न घाटों पर आने लगे थे। इस दौरान हरकी पैड़ी, अलकनंदा घाट, प्रेमनगर घाट, सर्वानंद घाट आदि गंगा घाटों पर काफी संख्या में कांवड़ियों ने भी गंगा स्नान कर पुण्य कमाया। इस दौरान सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। कांवड़ मेले के लिए भी गुरुवार को ही भारी संख्या में कांवड़िए हरिद्वार पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को कांवड़ यात्रा शुरू होगी। ऐसे में हजारों कांवड़िए हरकी पैड़ी पर पूजा–अर्चना कर कांवड़ उठाएंगे और अपने गंतव्यों को प्रस्थान करेंगे। धर्मनगरी हुई गुरुमय गुरु पूर्णिमा पर धर्मनगरी गुरुमय हो गई। सुबह से ही मठ, मंदिरों, आश्रम, धर्मशालाओं सहित अन्य जगह दूर दराज से हरिद्वार पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने गुरुओं से गुरुदीक्षा लेने के साथ ही आशीर्वाद लिया। इस दौरान भारत माता मंदिर में गुरु पूजन किया गया। इसके साथ ही सप्तसरोवर स्थित उमेश्वर धाम, लालमाता मंदिर, भूमा निकेतन, चेतन ज्योति आश्रम, निर्धन निकेतन, कनखल स्थित हरिहर आश्रम सहित अन्य जगह गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुदीक्षा दी गई।

### आज से कांवड़ यात्रा शुरू, रूट डायवर्जन प्लान जारी

रुद्रपुर। शुक्रवार यानि आज से श्रावण मास के साथ ही कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। ऊधमसिंह नगर जिले और आसपास के शहरों से हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जाते हैं। पुलिस ने कांवड़ यात्रा को लेकर रूट डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। यात्रा के दौरान कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों की एंट्री बंद रहेगी।

रुद्रपुर क्षेत्र के लिए यह रहेगा ट्रैफिक प्लान : रुद्रपुर क्षेत्र में काशीपुर रोड, रामपुर रोड, बरेली और सितारगंज से आने वाले भारी वाहनों को दिनेशपुर, पंतनगर, नगला, टांडा मार्गों से होकर गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। हल्द्वानी, सिडकुल और पंतनगर की ओर जाने वाले सभी भारी वाहनों को नो एंट्री नियम का पालन करना होगा।

इसके अलावा अतिरिक्त भीड़ बढ़ने की स्थिति में कई अन्य मार्गों से भी भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा। इसमें एसएच हॉस्पिटल (सितारगंज), पुलभट्टा, दरऊ चौक, लालपुर, रामपुर बॉर्डर, डिबडिबा मोड़, छत्तरपुर मोड़, सूर्या बॉर्डर, नादेही बॉर्डर आदि शमिल हैं।

### सेलाकुई में घरों–दुकानों में घुसा बारिश का पानी

विकासनगर। बुधवार रात को हुई तेज बारिश के कारण सेलाकुई में जगह–जगह जलभराव हो गया। बारिश का पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। गुरुवार को वार्ड तीन के सभासद दीपक कंडारी ने जगह–जगह सड़क किनारे नालियां की जेसीबी से सफाई करवाई। जिसके लिए क्षेत्रवासियों ने उनका आभार प्रकट किया। बुधवार रात को लगातार दो घंटे हुई भारी बारिश से सेलाकुई में जनजीवन अस्त–व्यस्त रहा।

बारिश के कारण हाईवे सहित सभी मार्ग पानी से लबालब हो गए। कई जगह जलभराव होने से पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया। रातभर लोग पानी को घरों और दुकानों से निकालने में लगे। पानी घुसने से लोगों के कपड़े, दुकान का सामान खराब हो गया। इसका कारण सेलाकुई में मुख्य मार्ग सहित सड़कों के किनारें बने नालियां चौक होना रहा।

गुरुवार को सुबह वार्ड तीन के सभासद दीपक कंडारी ने प्रमुख मार्ग के साथ ही सड़कों के किनारे नालियों को साफ करवाया। जिसके लिए लोगों ने उनका आभार प्रकट किया।

## देहरादून में भारी बारिश से आफत, गाड़ियां बहीं–दीवारें ढहीं

### मुख्यमंत्री ने लिया नुकसान का जायजा



देहरादून। उत्तराखंड में मानसून की बारिश चरम पर है और पहाड़ से मैदान तक जोरदार वर्षा हो रही है। दून समेत आसपास के क्षेत्रों में भी भारी बारिश आफत बन गई है। बुधवार देर रात से शुरू हुई तेज बारिश ने शहर को तालाब में तब्दील कर दिया। इसके बाद गुरुवार शाम को फिर हुई मूसलाधार बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए। सड़कों पर भारी जलभराव, घरों–दुकानों में पानी घुसने की घटनाएं, दीवार ढहने और नालियों के ओवरफ्लो होने से सरकारी व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई। नदी–नालों के उफान और जगह–जगह भूस्खलन से भी खासा नुकसान हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रायपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में नुकसान का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को राहत कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर करने और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में क्विक रिस्पांस टीम तैनात रखने के निर्देश दिए।

**130 मिमी बारिश ने शहर में बढ़ाई दुश्वारियां**

बुधवार रात और गुरुवार शाम को हुई भारी बारिश से देहरादून जिले के कई क्षेत्रों में दुश्वारियां बढ़ गईं। खासकर मसूरी और दून में 130 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई, जिससे नदी–नाले उफान पर आ गए और ऊंचाई वाले इलाकों में भूस्खलन हुआ। दून में बारिश के चलते आइएसबीटी, प्रिंस चौक, कचहरी रोड, लैंसडौन चौक, दून अस्पताल चौक, कारगी रोड, भंडारी बाग, रेलवे स्टेशन द्वार, दर्शनलाल चौक समेत दर्जनों इलाकों में जलभराव हो गया। नगर निगम की टीमों को पंप के ज़रिए पानी निकालना पड़ा, फिर भी नागरिकों को आवागमन में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं।

**थानो और मालदेवता में पिकनिक बना मुसीबत**

बारिश के बीच थानो क्षेत्र में नदी में पिकनिक मनाने गए लोगों के फंसने और मालदेवता में थार गाड़ी के बहने की सूचना से हड़कंप मच गया। बताया गया कि बारिश के दौरान कुछ युवक थार गाड़ी से नदी के पास पिकनिक मनाने गए थे और वहां कार को नदी में उतार स्टंट करने लगे, लेकिन जलस्तर बढ़ने पर गाड़ी तेज बहाव में बह गई।

### जीओम–4 मिशन में शामिल शुभांशु शुक्ला की धरती पर वापसी में हो सकती है देरी

नई दिल्ली , भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इन दिनों जीओम–4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद हैं। यह मिशन 25 जून 2025 को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च हुआ था। शुभांशु शुक्ला के साथ इस मिशन में कमांडर पेगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोस उज़नान्स्की–विस्निव्स्की (पोलैंड) और टिबोर कपु (हंगरी) शामिल हैं। मिशन के तहत यह टीम 12 दिनों के लिए ड्रूस् पर भेजी गई थी, लेकिन अब इनकी वापसी में 3–4 दिन की देरी हो सकती है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने संकेत दिया है कि 4 मिशन की वापसी 14 जुलाई 2025 से पहले संभव नहीं है।

देरी की संभावित वजहें

खराब मौसम

जीओम–4 क्रूस्पेसएक्स के 'ड्रैगन कैप्सूल ग्रेस् में लौटेगा, जो फ्लोरिडा तट के पास अटलांटिक महासागर या मैक्सिको की खाड़ी में स्प्लैशडाउन करेगा। लेकिन फिलहाल उस क्षेत्र में तेज हवाएं, बारिश और संभावित तूफान की आशंका बनी हुई है। ऐसे में स्प्लैशडाउन सुरक्षित नहीं माना जा रहा, जिससे वापसी की तारीख आगे बढ़ाई गई है।

तकनीकी कारण आईएसएस में प्रेशर लीक हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रूसी मॉड्यूल 'ज़्व्ज़ेदा में प्रेशर लीक की समस्या सामने आई थी। नासा और रूसी एजेंसी रोस्कोस्मोस ने इसकी मरम्मत की,


## कर्नाटक : विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी पर ईडी का शिकंजा

### बेंगलुरु में 5 ठिकानों पर छापेमारी

बेंगलुरु ,। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक के विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों के खिलाफ विदेशी संपत्तियों को कथित तौर पर छुपाने को लेकर जांच शुरू कर दी है। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) की धारा 37 के तहत ईडी ने बेंगलुरु के 5 अलग–अलग ठिकानों पर छापेमारी की।

विधायक सुब्बा रेड्डी के आवास, उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान और करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी तलाशी अभियान चला रही है। यह छापेमारी कथित तौर पर उनके और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा विदेशों में अघोषित संपत्ति रखने और अवैध निवेश के आरोपों के आधार पर की जा रही है।

ईडी के मुताबिक, एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों पर विदेशी खातों में भारी राशि जमा कराने समेत मलेशिया,



हांगकांग और जर्मनी में अचल संपत्तियों में निवेश करने के आरोप हैं। कथित तौर पर इन संपत्तियों और निवेशों को भारतीय अधिकारियों से छुपाया गया, जो फेमा कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। ईडी उनकी अवैध विदेशी संपत्ति की जांच कर रही है। कर्नाटक के अलावा, हरियाणा में भी ईडी की टीमें सक्रिय हैं। ईडी ने हरियाणा में प्रोबो ऐप संचालित करने वाली कंपनी पर शिकंजा कसते हुए 284 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज कर दी है। गुरुग्राम और जिंद में ईडी ने प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रमोटर्स सचिन सुभाषचंद्र गुप्ता और आशीष गर्ग के ठिकानों पर छापेमारी की। पीएमएलए के तहत यह कार्रवाई की गई। ईडी की जांच का मुख्य उद्देश्य कंपनी की ऐप और वेबसाइट प्रोबो के माध्यम से पूरे भारत में चल रही अवैध सट्टेबाजी और जुए की गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। बता दें कि प्रोबो ऐप और वेबसाइट को ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया जाता है, लेकिन वास्तव में यह लोगों को 'हां या नाह् जैसे सवालों पर पैसे लगाने के लिए प्रेरित करता है, जो जुए और सट्टेबाजी का एक रूप है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें साधारण सवालों के जवाब देकर पैसे कमाने का प्रलोभन दिया गया, लेकिन यह वास्तव में एक सट्टेबाजी योजना थी। इस स्कीम में लोग अधिक मुनाफे की उम्मीद में बार–बार पैसे लगाते रहे और अंततः अपनी रकम गंवा बैठे।

## बदरीनाथ हाईवे पर गिरे पत्थर, छः घंटे प्रभावित रहा यातायात



श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग गुरुवार को सुबह से जारी बारिश के कारण सिरोबगड़ में पहाड़ी से गिर रहे मलबे और पत्थर करीब छः घंटे यातायात प्रभावित रहा।

इस दौरान बदरीनाथ, केदारनाथ, हेमकुण्ड साहिब यात्रा पर जा रहे यात्रियों और रुद्रप्रयाग, चमोली की ओर जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सिरोबगड़ में सुबह सवा पांच बजे करीब राजमार्ग मलबा आने से अवरुद्ध हो गया।

एनएच लोनिवि की जेसीबी मशीन ने मलबे को हटाने की कई बार कोशिश की लेकिन कुछ देर बाद पहाड़ी से मलबे का राजमार्ग पर आना जारी रहा, जिससे प्रशासन को भी यात्रियों के साथ यातायात सुचारु करने में जद्दोजहद करनी पड़ी। श्रीनगर पुलिस ने यात्रियों के वाहनों की लंबी कतारें लगने पर उन्हें वैकल्पिक मार्ग डूंगरीपंथ-छांतीखाल-खांकरा होते हुए आगे भेजा। काफी मशक्कत के बाद प्रशासन द्वारा सुबह ग्यारह बजे करीब सिरोबगड़ में मलबे को हटाकर राजमार्ग को यातायात के लिये सुचारु करवाया गया। चौकी प्रभारी कलियासौड़ विजय सैलानी ने बताया कि गुरुवार सुबह से बारिश होने पर सिरोबगड़ लैंडस्लाइड जोन में मलबा और पत्थर आने के कारण सुबह सवा पांच बजे यातायात प्रभावित हुआ। सैलानी ने बताया कि यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक मोटरमार्ग डूंगरीपंथ-छांतीखाल-खांकरा से उन्हें आगे भेजा गया। सुबह ग्यारह बजे करीब सिरोबगड़ में अवरुद्ध बद्रीनाथ राजमार्ग को यातायात के लिये सुचारु किया गया। (एजेंसी)

### नन्दप्रयाग में तीन घंटे बाधित रहा हाईवे

चमोली : नन्दप्रयाग में बदरीनाथ हाईवे गुरुवार सुबह 6 बजे के लगभग मलबा आने से अवरुद्ध हुआ और 3 घंटे तक बाधित रहा। यह स्थिति गुरुवार को बार बार बनती रही। हालांकि नन्दप्रयाग-सैकोट बाईपास सड़क से यातायात संचालित होता रहा। बदरीनाथ हाईवे पर भनैर पानी में भी सड़क पर पहाड़ियों से आते मलबे से सड़क अलग-अलग समय पर बाधित होती रही। दोनों ओर से लगी मशीनों से सड़क को सुचारू करने में मशीनें लगीं रही। जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी हर समय सड़कों का अपडेट लेते रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि मोख घाटी में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। धुर्मा कुण्डी मोटर मार्ग खोलने का कार्य भी प्रगति पर है, लेकिन पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने से कार्य बाधित हो रहा है। मलबे से गुरुवार 3 बजे तक 30 लिंक मार्ग बाधित रहे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दकिशोर जोशी ने बताया कि अवरुद्ध सड़कों को खोलने का कार्य लगातार जारी है। (एजेंसी)

### उत्तराखंड में भाजपा के लिए खतरा बने 106 बागी नेता

हल्द्वानी। उत्तराखंड में भाजपा के लिए जिला पंचायतों के चुनाव में 106 बागी नेता खतरा बन गए हैं। चम्पावत जिले में सर्वाधिक 29 बागी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पिथौरागढ़ में 16 और नैनीताल में 14 बागी भाजपा के लिए चुनौती बने हुए हैं। पार्टी की डैमेज कंट्रोल टीम अब तक एक भी बागी नेता को नहीं मना पाई है। बागियों को मनाने के लिए भाजपा के दिग्गजों के पास सिर्फ दो दिन का समय है। जिला पंचायत चुनावों में बागी यदि डटे रहे तो भाजपा समर्थित प्रत्याशी को नुकसान हो सकता है। प्रदेशभर में भाजपा ने जिला पंचायत की 358 सीटों में से 316 सीटों पर पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित किए हैं। 42 सीटों सीटों पर किसी को समर्थन नहीं दिया है। इन्हें स्वतंत्र रखा है। जबकि प्रदेशभर में भाजपा के 106 नेता ऐसे हैं, जिन्होंने जिला पंचायत सदस्य सीट पर पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव मैदान में मोर्चा संभाल रखा है। कुछ सीटें तो ऐसी हैं, जहां भाजपा समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ दो से लेकर चार बागी नेता चुनौती पेश कर रहे हैं।

## बिहार मतदाता सूची विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

### याचिकाकर्ता बोले– यह मनमाना और भेदभावपूर्ण

नइदिल्ली,बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं ने कहा कि आयोग 30 दिनों की समय–सीमा में पूरी मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कर रहा है और मतदाता परिचय पत्र को छोड़कर केवल 11 दस्तावेज ही स्वीकार कर रहा है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा, 1950 के अधिनियम और मतदाता पंजीकरण नियमों के तहत 2 प्रकार के संशोधनों की अनुमति है– गहन और संक्षिप्त संशोधन। गहन पुनरीक्षण एक नई प्रक्रिया है और बिहार के 7.9 करोड़ लोगों को इससे गुजरना होगा। विशेष गहन पुनरीक्षण न तो कानून में है, न ही



अधिनियम या नियमों में। यह भारत के इतिहास में पहली बार किया जा रहा है। जस्टिस धूलिया ने याचिकाकर्ताओं से पूछा, चुनाव आयोग जो कर रहा है, वह तो संविधान के प्रावधानों के अनुसार है। फिर आप कैसे कह सकते हैं कि वह कुछ गलत कर रहा है? इस पर वकील शंकरणारायणन ने कहा, इस प्रक्रिया में 4 स्तरों पर संवैधानिक और कानूनी उल्लंघन हो रहे हैं। निर्देशों में कुछ खास वर्ग के लोगों को इस संशोधन प्रक्रिया से बाहर रखा गया है, जो असंवैधानिक है।

## पांच देशों की सफल यात्रा के बाद दिल्ली लौटे पीएम मोदी

नई दिल्ली ,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा के बाद गुरुवार को भारत लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएम मोदी की यह यात्रा सफल रही है। पीएम मोदी ने पांच देशों की अपनी यात्रा में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अब तक 17 विदेशी संसदों में भाषण दिए, जो कांग्रेस के सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के कुल रिकॉर्ड के बराबर है। उन्होंने यह उपलब्धि जुलाई 2025 के पहले सप्ताह में घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में दिए हाल ही के भाषणों के साथ हासिल की है। इस वैश्विक सक्रियता से पता चलता है कि पीएम मोदी भारत के सबसे सक्रिय नेताओं में से एक हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने कई दशकों में यह उपलब्धि हासिल की



थी, जिनमें मनमोहन सिंह ने सात बार, इंदिरा गांधी ने चार बार, जवाहरलाल नेहरू ने तीन, राजीव गांधी ने दो और पी.वी. नरसिम्हा राव ने एक बार भाषण दिया था।

पीएम मोदी ने सिर्फ एक दशक से अधिक समय में यह संख्या हासिल कर ली, जो भारत के कूटनीतिक दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है। उनकी हाल की यात्रा न केवल अफ्रीका और कैरिबियन देशों के साथ भारत के नए संबंधों को दर्शाती है, बल्कि ग्लोबल साउथ में भारत की आवाज की गूंज को भी उजागर करती है। पीएम मोदी को घाना में 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया, जो 30 साल से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा थी। इसके अलावा, ब्राजील ने उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से नवाजा। पिछले शुक्रवार को पीएम मोदी को त्रिनिदाद एंड टोबैगो की दो दिवसीय यात्रा के दौरान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' सम्मान से सम्मानित किया गया था।


### मणिपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बड़ी संख्या में हथियार किए बरामद

इंफाल ,मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस की टीम को अलग–अलग अभियानों में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों और पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद समेत संदिग्ध पदार्थ बरामद किया है। इसके अलावा, अलग–अलग मामलों में कई लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। मणिपुर पुलिस के अनुसार, बिष्णुपुर जिले के मोइरांग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत उयुंगमाखोंग क्षेत्र में 9 जुलाई को सुरक्षा बलों ने तलाशी और क्षेत्र नियंत्रण अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान एक एके–56 राइफल (खाली मैगजीन के साथ), एक .303 राइफल (खाली मैगजीन के साथ), एक डबल बैरल बंदूक (डीबीबीएल), .303 की 10 जिंदा गोलियां और 7.62 मिमी की 10 जिंदा गोलियां बरामद की गई हैं। इसके अलावा, फौगाकचाओ इकाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत दोपकोन और नगानुकोन गांवों के बीच के क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने 9 जुलाई को तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक .303 लाइट मशीन गन (एलएमजी), दो सिंगल बैरल बंदूकें, एक .303 खाली मैगजीन, 12 बोर के सात जिंदा कारतूस और चार आईईडी को बरामद किया है,

## दिल्ली–एनसीआर में सुबह–सुबह कांपी धरती : 10 सेकंड तक लोगों में दहशत

नई दिल्ली ,दिल्ली–एनसीआर के लोगों के लिएगुरुवार की सुबह सामान्य नहीं रही। जैसे ही घड़ी ने सुबह 9:04 का समय दिखाया, अचानक ज़मीन कांपने लगी। घरों की दीवारें हिलने लगीं, खिड़कियों के शीशे झनझनाने लगे और लोग हैरान–परेशान सड़कों की ओर दौड़ पड़े। भूकंप के ये झटके इतने तीव्र थे कि करीब 10 सेकंड तक राजधानी और उसके आसपास के इलाके दहलते रहे। दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, झज्जर, भिवानी और बहादुरगढ़ जैसे शहरों में कंपन साफ महसूस किया गया। भूकंप विज्ञान केंद्र ने पुष्टि की कि इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर जिले में था और इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र झज्जर से 10 किलोमीटर उत्तर में था, जहां झटकों की तीव्रता सबसे ज़्यादा महसूस की गई।

झज्जर में सुबह के कुछ ही मिनटों में दो बार भूकंप के झटके लगे। पहला झटका



9:07 बजे महसूस किया गया और दूसरा 9:10 बजे, हालांकि यह थोड़ा हल्का था। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि धरती कांपी और कुछ स्थानों पर दीवारों में महीन दरारें तक दिखाई दीं। इस दौरान लोग भयभीत हो गए और घरों–दफ्तरों से निकलकर खुले स्थानों की ओर भागे। राजधानी दिल्ली के अलग–अलग इलाकों जैसे रोहिणी, द्वारका, साकेत, मयूर विहार और सिविल लाइंस में भी लोग दहशत में बाहर निकल आए। गाजियाबाद और नोएडा के कुछ स्कूलों में बच्चों को तुरंत मैदान में ले जाया गया। वहीं, गुरुग्राम की कई मल्टीनेशनल कंपनियों में काम रोक दिया गया और कर्मचारियों को बाहर लाया गया। एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली पूजा मेहरा ने बताया कि जैसे ही झटका महसूस हुआ, दफ्तर की दीवारें हल्की–हल्की हिलने लगीं, सभी को नीचे उतरने को कहा गया और पूरे स्टाफ ने पार्किंग में शरण ली। भूकंप आने के बाद लोगों के मन में यह सवाल भी उठने लगा कि ये बार–बार झटके क्यों आते हैं? इसका वैज्ञानिक कारण समझाया जाए तो पृथ्वी की सतह सात बड़ी टेक्टोनिक प्लेटों से बनी होती है, जो लगातार गति में रहती हैं। जब ये प्लेटें एक–दूसरे से टकराती हैं या उनके किनारे आपस में रगड़ खाते हैं, तो दबाव बढ़ने लगता है। यह दबाव वर्षों तक बनता रहता है और जब सहनशीलता से अधिक हो जाता है तो प्लेटें टूट जाती हैं।

## कांवड़ मेले के चलते हरिद्वार में रहेगा ट्रैफिक प्लान 11 जुलाई से 23 जुलाई तक लागू

### – आज शुक्रवार से 17 जुलाई तक हर दिन 20 घंटे भारी वाहनों की नो एंट्री

हरिद्वार। कांवड़ मेले के चलते हरिद्वार में इस बार पुलिस–प्रशासन का ट्रैफिक प्लान 11 जुलाई से 23 जुलाई तक लागू रहेगा। इस ट्रैफिक प्लान में दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, देहरादून, ऋषिकेश, बिजनौर, मुरादाबाद, नजीबाबाद, यमुनानगर और हिमाचल, पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए अलग–अलग मार्ग तय किए गए हैं। साथ ही हरकी पैड़ी क्षेत्र को पूर्ण रूप से जीरो जोन घोषित किया गया है। इसके साथ ही शुक्रवार से 17 जुलाई तक हर दिन 20 घंटे भारी वाहनों की एंट्री हरिद्वार हाईवे पर बंद रहेगी। सिर्फ चार घंटे (रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक) ही भारी वाहनों को हरिद्वार में प्रवेश की अनुमति होगी। 18 जुलाई से 23 जुलाई तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। मुरादाबाद, बिजनौर, नजीबाबाद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को चिड़ियापुर और कांगड़ी पार्किंग में खड़ा किया जाएगा, जबकि दिल्ली–मेरठ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को नारसन बॉर्डर और मंडावर में रोका जाएगा। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को मंगलौर, नगला इमरती सर्विस लेन, लंढौरा, लक्सर, एसएम तिराहा होते हुए बैरागी कैंप पार्किंग की ओर भेजा जाएगा। वहीं, हल्के वाहन भूरहेड़ी, पुरकाजी बॉर्डर, तुगलपुर, लक्सर, एसएम तिराहा होते हुए हरिद्वार पहुंचेंगे। यातायात पर अत्यधिक दबाव पड़ने की स्थिति में रामपुर तिराहा, देवबंद, कोल्की टोल प्लाजा, बड़कला, मंडावर, अब्दुल कलाम चौक, नगला इमरती, लक्सर होते हुए बैरागी कैंप पार्किंग तक वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। दिल्ली से देहरादून और ऋषिकेश की ओर जाने वाले वाहनों को रामपुर तिराहा, देवबंद, छुटमलपुर, देहरादून, ऋषिकेश तथा बिझौली, भगवानपुर, बिहारीगढ़, देहरादून, ऋषिकेश मार्ग से निकाला जाएगा। यमुनानगर और सहारनपुर से हरिद्वार आने वाले वाहन



भगवानपुर, बिझौली, नगला इमरती, लक्सर, एसएम तिराहा, बैरागी कैंप मार्ग से आएंगे। मुरादाबाद, बिजनौर और नजीबाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को चिड़ियापुर से चार से दो किलोमीटर आगे गौरीशंकर और नीलधारा पार्किंग की ओर भेजा जाएगा। देहरादून और ऋषिकेश की तरफ से आने वाले वाहनों को नेपाली तिराहा, सप्तऋषि तिराहा, दूधाधारी फ्लाईओवर, चमगादड़ टापू व लालजीवाला मार्ग से प्रवेश दिया जाएगा। रोडवेज बसों के लिए अलग से व्यवस्था रोडवेज बसों के लिए भी अलग व्यवस्था बनाई गई है। देहरादून और ऋषिकेश से आने वाली सभी बसों को नेपाली तिराहा, रायवाला, दूधाधारी तिराहा होते हुए मोतीचूर पार्किंग में खड़ा किया जाएगा। वहीं, दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, पंजाब, हरियाणा से आने वाली सभी बसें अपने निर्धारित रूट पर चलेंगी और ऋषिकुल मैदान में पार्क की जाएंगी। बिजनौर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, नैनीताल से आने वाली बसें अपने निर्धारित रूट पर ही चलेंगी और उन्हें नीलधारा या गौरीशंकर पार्किंग में रोका जाएगा।

चारधाम जाने वाले वाहन हरिद्वार नहीं आएंगेःचारधाम यात्रा के लिए भी विशेष मार्ग तय किए गए हैं। केदारनाथ और बदरीनाथ वाले वाहनों को मेरठ, गढ़मुक्तेश्वर, नजीबाबाद, कोटद्वार, पौड़ी, श्रीनगर मार्ग से भेजा जाएगा। गंगोत्री और यमुनोत्री जाने वाले वाहनों को मेरठ, मुजफ्फरनगर, देवबंद, छुटमलपुर, विकासनगर के रास्ते निकासी दी जाएगी।

आकस्मिक व्यवस्थाः आकस्मिक परिस्थिति में यातायात को नियंत्रित करने के लिए वैकल्पिक योजना भी तैयार की गई है। लक्सर मार्ग बाधित होने पर कांवड़ वाहनों को गुड़ मंडी और नगला इमरती के समीप चिन्हित स्थानों पर रोका जाएगा। सप्तऋषि से बहादराबाद के बीच अत्यधिक दबाव की स्थिति में वाहनों की निकासी वाल्मीकि चौक, रानीपुर मोड़, बीएचईएल होते हुए धनौरी मार्ग से कराई जाएगी।

# सम्पादकीय

## धर्म की आड़ में बहरूपिए

अक्सर धर्म की आड़ में कुछ लोग ऐसे असामाजिक कार्य करते हैं जो न केवल अंधविश्वास और धर्म की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं बल्कि धर्म को अपराध से भी जोड़ देते हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है जो अपने अपराधों को छुपाने के लिए धर्म का चोला पहनने की कोशिश करते हैं और श्रद्धा और भक्ति के नाम पर आमजन को गुमराह करते हैं। देशभर में ऐसे ना जाने कितने ही ढोंगी लोगों को बेनकाब किया जा चुका है जिन्होंने अपनी हरकतों से सनातन धर्म को खंडित किया है और धर्म के नाम पर धन बल का अच्छा खासा साम्राज्य भी जोड़ लिया है। इनमें कुछ लोग जेल में है तो कुछ अभी भी धार्मिक भावनाओं को भुनाकर अपनी जेबें गर्म कर रहे हैं। उत्तराखंड में धन की आड़ में गलत धंधे करने वालों को अब राज्य सरकार उनकी सही जगह दिखाने की तैयारी कर रही है। ठीक कावड़ के समय राज्य सरकार ने "ऑपरेशन कालनेमि" शुरू करने का ऐलान किया है जो ऐसे ढोंगियों की पोल खोलेगा। मुख्यमंत्री इस विषय को लेकर काफी गंभीर नजर आ रहे हैं।"ऑपरेशन कालनेमि" देवभूमि से छद्म भेषधारी राक्षसों के सफाए करने वाला अचूक हथियार साबित हो सकता है लेकिन जरूर यह है कि पूरे उत्तराखंड में साधु वेश में घूम रहे ऐसे लोगों का सत्यापन एवं असली पहचान कैसे हो पाएगी? नकली धार्मिक चोला ओढ़कर देवभूमिवासियों की भावनाओं से अपराधिक खिलवाड़ करने वालों को बेनकाब करना जरूरी है क्योंकि यह विषय सीधे तौर पर आस्था और भक्ति से जुड़ा हुआ है, अक्सर ऐसे लोगों की चपेट में आकर श्रद्धालुओं का धर्म के प्रति विश्वास भी खंडित होता है। धर्म की आड़ में लोगों को ठगने और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले नकली भेषधारियों के लगातार अपराधिक मामले सामने आते हैं, जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी की जाती हैं, लेकिन फिर भी ऐसे मामलों पर कड़े ऐक्शन लेने की जरूरत महसूस की जाती रही है। प्रदेश सरकार का इस अभियान की शक्ल में "ऑपरेशन कालनेमि" शुरू करना बहुत सराहनीय कदम है। ऐसी घटनाओं से अपराधिक घटनाओं के अतिरिक्त लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत होती है और राज्य का माहौल भी खराब होता है। उस पर देवभूमि की छवि के अनुसार ऐसे सभी प्रकरण पूरी तरह से अक्षम्य है, जिनपर लगाम लगाना बहुत आवश्यक है। देवभूमि के स्वरूप को बरकरार रखते हुए उसे समृद्ध बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। जिसके फलस्वरूप ही सरकार ने यूसीसी, धर्मांतरण और दंगारोधी कानून के साथ अवैध धार्मिक अतिक्रमणों पर कठोर कार्रवाई जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। ऑपरेशन कालनेमि को ऐसा मजबूत बनाना होगा कि धर्म का चोगा पहन कर कोई भी रावण या कालनेमि जैसा उसका कोई कपटी सहयोगी, अब साधु संत बनकर समाज को ठगने का दुस्साहस न कर पाए। साधु वेश में घूम रहे एवं दुकान सजाए बैठे ढोंगियों की पहचान जरूरी है और इसमें स्थानीय लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए संदिग्धों एवं बहुरूपियों की चिन्हित करना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय

डॉ. प्रभात दीक्षित

भारत की न्यायिक व्यवस्था अब बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा चुकी है। देश की सवोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने अब महीने में दो अतिरिक्त कार्य दिवस जोड़ने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

यानी अब दूसरे और चौथे शनिवार को भी सुप्रीम कोर्ट खुलेगा और नियमित मामलों की सुनवाई करेगा। यह फैसला केवल अदालत के काम के घंटे बढ़ाने का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसे समय में आया है जब देशभर में न्याय का बोझ बहुत बढ़ गया है। देश में वर्तमान समय में करीब 5 करोड़ मुकदमे अदालतों में लंबित हैं। इनमें से अकेले सुप्रीम कोर्ट में 72,000 से अधिक मामले पेंडिंग हैं।

हाईकोर्ट में यह संख्या लगभग 60 लाख के करीब है और सबसे ज्यादा भार तो निचली अदालतों पर है, जहां 4 करोड़ 30 लाख से अधिक मुकदमे वषी से फैसले की राह देख रहे हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह पहल एक संकेत है कि न्यायपालिका अब खुद भी अपनी कार्य संस्कृति को बदलने को तैयार है और यह बदलाव केवल अदालतों के भीतर नहीं, बल्कि पूरे समाज में फैलना चाहिए, लेकिन सवाल यहीं से शुरू होता है कि क्या अदालतों के कार्य दिवस बढ़ा देने भर से समस्या हल हो जाएगी? जवाब है नहीं।

जब तक समाज, सरकार, मीडिया, पुलिस, प्रशासन और आम नागरिक सभी अपनी–अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझेंगे, तब तक अदालतों पर बढ़ता बोझ कम नहीं होगा। आज जरूरत इस बात की है कि आम आदमी खुद यह सोचे कि क्या हर विवाद अदालत तक ले जाना जरूरी है? अक्सर मामूली झगड़े जैसे कि जमीन के छोटे विवाद, पारिवारिक तनाव, लेन–देन की छोटी बातें भी कोर्ट तक पहुंचा दिए जाते हैं, जिन्हें बातचीत, पंचायत, मीडिएशन या लोक अदालत के जरिये सुलझाया जा सकता है। आम जनता को समझना होगा

**हाईकोर्ट में यह संख्या लगभग 60 लाख के करीब है और सबसे ज्यादा भार तो निचली अदालतों पर है, जहां 4 करोड़ 30 लाख से अधिक मुकदमे वषी से फैसले की राह देख रहे हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह पहल एक संकेत है कि न्यायपालिका अब खुद भी अपनी कार्य संस्कृति को बदलने को तैयार है और यह बदलाव केवल अदालतों के भीतर नहीं, बल्कि पूरे समाज में फैलना चाहिए, लेकिन सवाल यहीं से शुरू होता है कि क्या अदालतों के कार्य दिवस बढ़ा देने भर से समस्या हल हो जाएगी? जवाब है नहीं। जब तक समाज, सरकार, मीडिया, पुलिस, प्रशासन और आम नागरिक सभी अपनी–अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझेंगे, तब तक अदालतों पर बढ़ता बोझ कम नहीं होगा।**



कि हर मामला न्यायालय में ले जाना ही समाधान नहीं, कई बार यह समस्या को और उलझा देता है। वकीलों की भूमिका भी कम अहम नहीं है। वे मुकदमे की दिशा तय करते हैं, मुकदमा लड़ा जाए या सुलझाया जाए। अगर वे केवल जीत–हार की सोच से ऊपर उठकर न्याय दिलाने की भावना से काम करें, तो लाखों मामले अदालत तक पहुंचने से पहले ही सुलझ सकते हैं। साथ ही, यह भी जरूरी है कि वकील फर्जी या दुर्भावनापूर्ण मामलों को दर्ज करने से परहेज करें और मुवक्किल को वास्तविक कानूनी रास्ता दिखाएं। इसी तरह पुलिस और जांच एजेंसियों की भी सीधी भूमिका है। जब समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होती, जब जांच अधूरी रहती है, जब गवाहों की सुरक्षा नहीं होती, तब मामला खिंचता चला जाता है। न्याय प्रक्रिया तभी प्रभावी हो सकती है जब जांच समयबद्ध, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से मजबूत हो। कई मामलों में पुलिस की लापरवाही ही न्याय में देरी की सबसे बड़ी वजह बनती है। प्रशासनिक अधिकारियों को भी अपनी भूमिका को गंभीरता से लेना होगा।

जब भूमि विवाद, जाति प्रमाण पत्र, किराएदारी या राजस्व से जुड़े मामूली मसले प्रशासन द्वारा समय पर न सुलझाए जाएं, तो जनता के पास अदालत जाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता है। ऐसे में तहसीलदार, एसडीएम और अन्य अधिकारी अपने स्तर पर सक्रिय रहेंगे तो कोर्ट का बहुत सारा भार हल्का किया जा सकता है।

वहीं मीडिया, जो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहलाता है, उसे भी जिम्मेदारी निभानी होगी। अक्सर देखा गया है कि मीडिया कुछ मामलों को इस तरह से उछाल देता है कि वह 'ट्रायल बाय मीडियाझ बन जाता है। इससे न केवल न्याय की प्रक्रिया प्रभावित होती है, बल्कि जनता का भ्रम भी बढ़ता है। मीडिया का काम है जनता को न्यायिक प्रक्रियाओं की जानकारी देना, कोर्ट के फैसलों को सही संदर्भ में प्रस्तुत करना और जन–जागरूकता फैलाना है।

यदि मीडिया सकारात्मक भूमिका निभाए, तो न्यायपालिका और समाज के बीच की दूरी को पाटने का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। और अंत में, सरकार और नीति–निर्माताओं की भूमिका इस पूरी तस्वीर में केंद्रीय है। यदि जजों की संख्या पर्याप्त नहीं होगी, यदि अदालतों की इमारतें खस्ताहाल रहेंगी, यदि कोर्ट स्टाफ की ट्रेनिंग पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो कितने भी कार्य दिवस क्यों न बढ़ा दिए जाएं, नतीजे नहीं आएंगे। सरकार को न्यायिक बजट में बढ़ोतरी करनी चाहिए, ई–कोर्ट जैसी योजनाओं को गांव–गांव तक पहुंचाना चाहिए और न्यायिक नियुक्तियों को प्राथमिकता के साथ निपटाना चाहिए।

# मोहन यादव का युग उदय

अजय दीक्षित

भोपाल में आज बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल को सर्वसम्मति से प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। कंदीय प्रवेक्षक के रूप में कंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री मोहन यादव, निर्वाचन अधिकारी विवेक शेजवलकर उपस्थित थे। एक तरह से देखा जाय तो यह मुख्यमंत्री मोहन यादव युग का उदय माना जा सकता है क्योंकि हेमंत खंडेलवाल, उनके राजनीतिक गुरु, स्व सांसद विजय कुमार खंडेलवाल के पुत्र हैं। हेमंत खंडेलवाल के पिता स्व खंडेलवाल मप्र भारतीय जनता पार्टी के आजन्म कोषाध्यक्ष रहे उन्हें स्व लखखीराम अग्रवाल, कैलाश जोशी,विक्रम वर्मा, और कुशाभाऊठाकरे के काफी महत्वपूर्ण साथी माना जाता था। हेमंत खंडेलवाल को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में सरकार्यवाह सुरेश सोनी का विश्वास प्राप्त भी माना जा सकता है।

हेमंत खंडेलवाल पेशे से चार्टेड अकाउंटेंट हैं,।बैतूल जब सामान्य सीट थी तब वे सांसद भी रहे हैं।2013 से अब तक लगातार बैतूल से विधायक हैं। मप्र भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद पर हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी सामान्य घटना नहीं है बल्कि मप्र भारतीय जनता पार्टी में मुख्यमंत्री मोहन यादव युग का उदय भी है क्योंकि पूर्व अनुमान पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, कंदीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक रीति पाठक , लता बनखेड़े को लेकर लगाए जा रहे थे लेकिन कुछ संघ हलकों में हेमंत खंडेलवाल का नाम भी था। हेमंत खंडेलवाल के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी मप्र ने अपने परंपरागत वोटर बनिया जाति को भी साधने की कोशिश की है । मप्र भारतीय जनता पार्टी में अब मुख्यमंत्री मोहन यादव युग की शुरुआत है।दूसरे कंदीय आलाकमान ने मुख्यमंत्री को मजबूत करने का संदेश दिया है।उसने सामान्य जाति वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की है।

मप्र के भौगोलिक क्षेत्र से अगर सोचे तो इस बात गोंडवाना और नर्मदा पूरम को अध्यक्ष पद पर आसीन किया है।इससे पूर्व के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा चंबल के होकर महाकौशल की राजनीति में थे और खजुराहो यानी बुंदेलखंड से सांसद हैं। आलाकमान ने क्षेत्रीय संतुलन बनाने की कोशिश की है जिसमें मुख्यमंत्री मालवा से जुड़े हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर चंबल ग्वालियर से है।

मप्र में भारतीय जनता पार्टी लगभग 22 वर्ष से सत्ता में है। हेमंत खंडेलवाल के समक्ष सत्ता और संगठन को एक साथ लेने की चुनौती होगी । निर्वतमान अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एबीवीपी से थे उन्हें संगठन का अच्छा तुजरफा था । हेमंत खंडेलवाल वित्तीय संगठन के व्यक्ति है । उन्हें विजय कुमार खंडेलवाल उनके पिता की विरासत मिली है। यद्यपि उन्हें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का समर्थन भी प्राप्त है।

# तेजी से बढ़ रही युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति

योगेश कुमार गोयल

मादक पदार्थों का सेवन केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है। यह प्रवृत्ति शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव–संस्कृति तक सीमित नहीं रही, बल्कि दूरस्थ गांवों और कस्बों तक पांव पसार चुकी है।

सबसे चिंता की बात यह है कि यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। वैसे यह समस्या भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अनेक देशों में भी नशीली दवाओं की तस्करी खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 26 जून को 'अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवसझ मनाया जाता है, लेकिन 36 वर्षो से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने की बजाय यह समस्या दुनिया भर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का धंधा अब देश के नामी–गिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टियां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की गंध में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं।

राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डोंझ में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए नशे की संस्कृति 'स्टेटस सिंबलझ और 'मॉडर्निटीझ का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं, और धीरे–धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं। इस भयावह स्थिति को बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। सूचना क्रांति का यह माध्यम नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार–प्रसार का प्लेटफॉर्म बन गया है।

भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है, और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में स्थिति यह है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, जो किसी संगठित गिरोह की गतिविधि से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है–साथियों के दबाव, मॉडर्न दिखने की चाह, रोमांच की तलाश या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल की जा रही हैं।

नशीली दवाओं के सेवन से शरीर पर अनेक घातक प्रभाव होते हैं–भूख मर जाना, वजन कम होना, आंखों में लाली और सूजन, कंपकंपी, नींद न आना, चिड़चिड़ापन, अवसाद, ध्यान केंद्रित करने में असमर्थता और यहां तक कि एड्स जैसे संक्रमणों का खतरा भी। मादक पदार्थों का सेवन धीरे–धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता है और ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका अस्तित्व इन पर निर्भर हो जाता है।

समाज में व्याप्त यह भ्रांति कि नशे से सृजनात्मकता, सोचने की शक्ति, एकाग्रता और यौन शक्ति में वृद्धि होती है, भ्रामक और खतरनाक मिथक है। असलियत तो यह है कि नशे की गिरफ्त में व्यक्ति धीरे–धीरे अपनी सोच–विचार की स्पष्टता खो देता है, उसकी निर्णय–क्षमता खत्म हो जाती है और उसके कार्य में तालमेल टूट जाता है। कोई भी रसायन, जो व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक क्रिया–प्रणाली में बदलाव लाए, मादक पदार्थ कहलाता है।

देश में नशे का सबसे गंभीर पहलू यह है कि भारत नशे का उपभोक्ता नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय तस्करी के नक्शे पर प्रमुख 'ट्रांजिट रूटझ भी बन चुका है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, म्यांमार, ईरान और चीन जैसे देशों से होते हुए भारत के रास्ते मादक पदार्थ पश्चिमी बाजारों तक पहुंचते हैं। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की एक रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करती है कि भारत की भौगोलिक स्थिति तस्करों के लिए सबसे सुगम मार्ग है।

यह व्यापार अब वैश्विक अर्थव्यवस्था का 15 प्रतिशत हिस्सा बन चुका है। भारत में इस पर लगाम लगाने के लिए नारकोटिक्स एक्ट जैसे कठोर कानून मौजूद हैं, लेकिन अपराधी अक्सर इन कानूनों की कमियों का लाभ उठा कर बच निकलते हैं।

# तन्वी द ग्रेट का पहला गाना सेना की जय जारी



अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट का पहला गीत सेना की जय हाल ही में रिलीज़ हुआ और इसने दर्शकों के दिलों को गहराई से छूलिया है। यह गीत भारतीय सेना के साहस, समर्पण और बलिदान को सलाम करता है। ऑस्कर विजेता एम.एम. कीरावाणी द्वारा संगीतबद्ध, कौसरमुनीर द्वारा लिखे गए और शगुन सोढी की आवाज़ में गाए गए इस गीत में गर्व, भावना और देशप्रेम की गूंज साफ सुनाई देती है।

गीत में नायिका तन्वी–जिसका किरदार निभा रही हैं नवोदित अभिनेत्री शुभांगी दत्त–सेना के जवानों के बीच नृत्य करती नज़र आती हैं। खास बातयह है कि तन्वी एक ऑटिस्टिक बच्ची है, और वह अपनी भावनाओं को शब्दों से नहीं, बल्कि कला के ज़रिए व्यक्त करती है। इस सीन में करन टैकर,जो फिल्म में उनके पिता और एक सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं, भी उनके साथ शामिल होते हैं। यह दृश्य न केवल दर्शकों को भावुक करता है, बल्कि यह सैनिकों के प्रति एक नई पीढ़ी की संवेदनशील श्रद्धांजलि भी बन जाता है। सेना की जय नृत्य, संगीत और देशभक्ति को इस तरह से जोड़ता है, जो परंपरागत देशभक्ति गीतों से अलग है। गीत की कोरियोग्राफी में ऊर्जा है, लेकिन उसके पीछे भावनात्मक गहराई भी है। एम.एम. कीरावाणी का संगीत तन्वी की जटिल लेकिन मासूम दुनिया को सजीव कर देता है–जहाँ हरताल, हर सुर, उसकी भावनाओं का प्रतिबिंब बन जाता है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में पहली बार जीती टी–20 सीरीज, ये रिकॉर्ड्स बने

नईदिल्ली, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ चौथा टी–20 मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम कर लिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में उसने 3–1 से अजेय बढ़त ले ली है। यह क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के इतिहास में पहला मौका है जब भारतीय महिला टीम इंग्लैंड में कोई टी–20 सीरीज जीतने में सफल रही है।

मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ और 20 ओवर में टीम सिर्फ 126/7 का स्कोर ही बना पाई। सोफिया डंकली ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। भारत के लिए राधा यादव और श्री चारणी ने 2–2 विकेट लिए। जवाब में स्मृति मंधाना (32) और शफाली वर्मा (31) की पारियों के दम पर भारतीय टीम ने 17 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। दीप्ति शर्मा ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी–20 मुकाबले में उन्होंने



1 विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की। दीप्ति मैच से पहले 299 विकेट के साथ मैदान पर उतरी थीं। उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 1 विकेट झटका। दीप्ति के ये 300 विकेट टेस्ट, वनडे और टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल मिलाकर हैं। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाली चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गई हैं।

दीप्ति अब महिला टी–20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने 128 मैचों में 19.03 की औसत से 145 विकेट अपने नाम किए हैं। दीप्ति ने पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की निदा डार को पीछे छोड़ा है, जिनके नाम 144 विकेट हैं। अब दीप्ति से आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया की मेगन शुट्ट हैं, जिनके नाम 151 विकेट हैं। इस उपलब्धि के साथ दीप्ति ने भारतीय महिला क्रिकेट में एक और बड़ा मुकाम हासिल किया है।

# निधि अग्रवाल ने फिल्म सिंगल की तारीफ की, बताया–एक मजेदार यात्रा



तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण की अपकमिंग फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने मई में रिलीज हुई तेलुगू फिल्म सिंगल की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म को एक मजेदार यात्रा बताया और कहा कि निर्देशक कार्तिक राजू ने इसे शानदार तरीके से बनाया है।

अभिनेत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, अभी–अभी सिंगल (तेलुगु) देखी!! कार्थिक राजू द्वारा शानदार तरीके से बनाई गई यह फिल्म एक शानदार यात्रा है। श्री विष्णु और विनेला किशोर ने हमें शुरू से लेकर आखिरी तक खूब हंसाया। इवाना और केतिका शर्मा और दोनों बहुत अच्छे थे। अल्लू अरविंद सर, गीता आर्ट्स और पूरी कास्ट और क्रू को बधाई।

यह फिल्म इस साल मई में रिलीज हुई थी, जो कि बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं, फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद इस फिल्म में अभिनेता श्री विष्णु के अभिनय से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने अभिनेता को फोन किया और अपने बैनर द्वारा निर्मित दो और फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया।

फिल्म सिंगल में श्री विष्णु, इवाना और केतिका मुख्य भूमिका में थे।

# विजय देवरकोंडा स्टारर किंगडम की मिली नई रिलीज डेट से उठा पदा

राउडी स्टार विजय देवरकोंडा की आगामी हाई ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर किंगडम, गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित है। फिल्म की रिलीज की तारीख कई मौकों पर विभिन्न कारणों से स्थगित हो गई और आज निर्माताओं ने एक नया प्रोमो जारी किया और नई रिलीज की तारीख की घोषणा की। वे संदेश लेकर आए एक आदमी। क्रोध से भरा दिल। एक ऐसी दुनिया जिसने बहुत आगे धकेल दिया। अब नरसंहार का समय है। यह फिल्म 31 जुलाई 2025 को प्रतिष्ठित तरीके से रिलीज़ होगी। वीडियो में, विजय देवरकोंडा ने कई खूबियाँ दिखाईं और कई रंगों में दिखाई दिए, जिसमें सभी ने तीव्र एक्शन दृश्यों के साथ रोमांचकारी अभिनय किया।

# टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाजों पर एक नजर

नईदिल्ली, टेस्ट क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज की भूमिका बेहद अहम होती है। नई गेंद, पिच की ताजगी और गेंदबाजों की धार का सामना करते हुए लंबी पारियां खेलना बेहद मुश्किल होता है। हालांकि, कुछ सलामी बल्लेबाज ऐसे भी रहे हैं जिन्होंने न सिर्फ पारी की शुरुआत संभाली, बल्कि उसे बड़े शतकों में भी बदला। ऐसे में आइए ऐसे सलामी बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाए हैं।इस सूची में पहले स्थान पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के तौर 203 पारियों में 12 बार नाबाद रहते हुए 9,607 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 33 शतक निकले थे और उनकी औसत 50.30 की रही थी। उनका



सर्वश्रेष्ठ स्कोर 221 रन रहा था। गावस्कर ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना पहला मैच साल 1971 में खेला था। आखिरी बार वह 1986 में खेलते हुए नजर आए थे।दूसरे स्थान पर पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक हैं, जिन्होंने बतौर सलामी बल्लेबाज 31 शतक जड़े थे। उन्होंने 278 पारियों में 11,845 रन बनाए, जिसमें उनकी औसत 44.87 की रही। कुक 14 बार नाबाद लौटे और टेस्ट में अपने संयम व तकनीक के लिए मशहूर रहे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में पहला मुकाबला 2006 में खेला था और 2018 में आखिरी बार मैदान पर नजर आए थे। उनकी गिनती इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में होती है।मैथ्यू हेडन तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर 30 शतक जड़े थे। उन्होंने 184 पारियों में 8,625 रन बनाए थे, जिसमें उनकी औसत 50.74 की थी। हेडन 14 बार नाबाद लौटे और लंबी पारियां खेलने के लिए मशहूर रहे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में 1994 में खेलना शुरू किया और 2009 में अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा। हेडन की आक्रामकता ने ऑस्ट्रेलिया को कई बार दमदार शुरुआत दिलाई।

## एक नजर

### डीएम ने किया पुस्तकालय का निरीक्षण, विद्यार्थियों की सुनी समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि पुस्तकालय को आधुनिक व सुविधायुक्त बनाकर विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मुख्य शिक्षाधिकारी को पाठकों की सुविधा हेतु फोटोकॉपी मशीन उपलब्ध कराने, ग्रुप डिस्कशन के लिए एक समर्पित कॉन्फ्रेंस रूम विकसित करने को भी कहा। साथ ही उन्होंने ई-लाइब्रेरी की स्थापना की दिशा में आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुस्तकों की सूची (कैटलॉग) नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए जल्द पुस्तकों के लिए डिजिटल कैटलॉग बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने विद्यार्थियों की समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए पुस्तकालय को सुबह 10 बजे से सायं 7 बजे तक खोलने को कहा। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र बर्तवाल, अधिशासी अभियंता लोनिवि रीना बिष्ट आदि शामिल रहे।

संविदा श्रमिकों को हटाये जाने के विरोध में दिया सांकेतिक धरना

### पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने धरने को दिया समर्थन

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ शाखा श्रीनगर ने लम्बे समय से कार्यरत श्रमिकों को न हटाये जाने की मांग को लेकर जल संस्थान पंप हाउस श्रीनगर में गुरुवार को सांकेतिक धरना दिया। धरने को समर्थन देने पहुंचे पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि जल संस्थान में कार्यरत कर्मचारी बीस से पच्चीस वर्षों से कार्य कर रहे हैं। कहा कि आज सरकार द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से नए ठेकेदारों की नियुक्ति की गई है जिनके द्वारा स्थानीय लोगों को हटाया जा रहा है। पुराने कर्मचारियों के स्थान पर नए कर्मचारियों को रखा जा रहा है, जिससे लम्बे समय से अपनी सेवा दे रहे श्रमिकों के सामने रोजी रोटी का सवाल खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार पुराने लोगों को सेवा से वंचित न करे। यदि सरकार और ठेकेदार द्वारा श्रमिकों का हक मारा जाता है तो निश्चित ही लड़ाई को बुलंद आवाज से लड़ा जायेगा। इधर, संविदा श्रमिक संघ शाखा श्रीनगर के सुरजीत डोबरियाल, संजय कुमार, मंगलेश लखेड़ा, बलबीर पयाल, अमित जोशी, रुपेश नेगी, दीपक बडोनी, शम्भू प्रसाद, विनोद पटवाल ने कहा कि अपना आधा से ज्यादा जीवन जल संस्थान को देने वाले श्रमिकों के सामने मुश्किल चुनौती आ चुकी है। ठेकेदार द्वारा घोर अन्याय कर उन्हें जानबूझकर बाहर किया जा रहा है। सभी श्रमिकों ने सरकार व विभागीय अधिकारियों से पूर्व की भांति उन्हें वरीयता दिये जाने की मांग की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, सुधांशु थपलियाल, सूरज नेगी, निशांत कंडारी, अभिषेक घिल्डियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### रामणी—पेरी सड़क भूस्खलन से वॉसआउट

चमोली : चमोली जिले के नन्दानगर ब्लॉक में रामणी-पेरी सड़क गुरुवार को भूस्खलन और मलबा आने से पूरी तरह से वॉसआउट हो गयी। इससे आस पास के कई गांवों का सड़क सम्पर्क ब्लॉक मुख्यालय और जिला मुख्यालय से टूट गया है। क्षेत्र में लगातार बारिश होने के पहाड़ियों से भूस्खलन जारी है। गुरुवार को रामणी-पेरी सड़क से लगी पहाड़ियों से अचानक भारी बोल्डर और मलबा आया और इसके साथ ही भारी मात्रा में पानी भी पहाड़ियों से आने लगा और देखते ही देखते पूरी सड़क टूट गई। जिला अधिकारी डा. संदीप तिवारी ने बताया कि सड़क निर्माण विभाग को क्षेत्र में भेज कर सड़क सुचारु करने के निर्देश दिए गए हैं। (एजेंसी)

### ओबीसी प्रमाण पत्रों की जांच की जाएं

चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में कोठली जिला पंचायत सीट महिला ओबीसी के लिए आरक्षित है। पैतोली डुंगरी के ओबीसी समुदाय ने इस सीट पर दावेदारों के ओबीसी प्रमाण पत्रों पर आपत्ति जताते हुए उपजिलाधिकारी थराली को ज्ञापन सौंपा है। शिकायत में कहा गया है कि अधिकांश दावेदारों का मायका अन्य ओबीसी घोषित क्षेत्रों में होने के कारण ओबीसी आरक्षण का दुरुपयोग हो रहा है।

साथ ही ये प्रमाण पत्र संबंधित क्षेत्र से नहीं बल्कि थराली तहसील से जारी किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रमाण पत्रों को निरस्त करने और मामले की जांच की मांग की है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर आया मलबा, घंटों लगा जाम

## आमसौड़–दुगड्डा के मध्य दुर्गा मंदिर से पांच सौ मीटर पहले आया मलबा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पिछले दो वर्षों से बदहाल पड़ा कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग बरसात में चुनौती खड़ी कर रहा है। गुरुवार को आमसौड़-दुगड्डा के मध्य दुर्गा मंदिर से करीब पांच सौ मीटर पहले पहाड़ी से मलबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया। इसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों जाम की स्थिति बनी हुई थी। मौके पर पहुंची पोकलेंड मशीन की मदद से मलबे को साफ किया गया।



आमसौड़–दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए मलबे को साफ करती पोकलेंड मशीन

मालूम हो कि, दो वर्ष पूर्व बरसात के समय कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग बदहाल हो गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत नहीं होने से इस वर्ष बरसात के समय यह आवागमन करने वालों की राह में चुनौती बन रहा है। हल्की बरसात होने पर ही पहाड़ी से मलबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ रहा है। कुछ दिन पूर्व दुगड्डा के समीप एक बड़ा पत्थर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर गया था। गनीमत यह रही कि उस समय उक्त स्थान से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था। यही नहीं दुर्गा मंदिर के समीप भी पहाड़ी से एक पत्थर कार के ऊपर गिर गया था। घटना में कार सवार लोगों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई लेकिन, कार का अगला सीसी पूरी तरह टूट गया था। ऐसे में गुरुवार को हुई हल्की वर्षा के दौरान ही दुर्गा मंदिर के समीप पहाड़ी से मलबा आ गया। इसके कारण करीब एक घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा हुआ था। पोकलेंड मशीन ने मलबा हटाकर यातायात को सुचारु करवाया।

## गुरु पूर्णिमा पर किया अभिषेक व पूजन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को श्री गुरू भ्रातृ मंडल की ओर से बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मलीन गुरु सत्य प्रसाद बहुगुणा की प्रतिमा का वेदोक्त पद्धति से अभिषेक-पूजन कार्य संपन्न करवाया गया। अभिषेक पूजन कार्य आचार्य दिनेश प्रसाद जुयाल के सानिध्य में पं. हरीश उनियाल व पं. वीरेन्द्र कण्डवाल ने सम्पादित किया। मौके पर गुरु भातृ मंडल समिति द्वारा संस्कृत भाषा के उन्नयन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर पूर्व प्राचार्य आचार्य कान्ता प्रसाद बडोला एवं श्री जगदेव सिंह संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार के वर्तमान प्राचार्य डा. राजेन्द्र कुमार गौनियाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही शास्त्री परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र कमल किशोर एवं आचार्य परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र सुशांत भट्ट को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## कोटद्वार से जयपुर के लिए संचालित हो ट्रेन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार से जयपुर के लिए ट्रेन संचालित करने की मांग को लेकर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सांसद अनिल बलूनी को पत्र भेजा। कहा कि इससे राजस्थान आवागमन करने वालों को सुविधा मिलेगी।

मंडल के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल व महामंत्री लाजपत राय भाटिया के नेतृत्व में व्यापारियों ने सांसद अनिल बलूनी को ज्ञापन भेजा। बताया कि कोटद्वार-आनंद बिहार दिल्ली रेल सेवा आरंभ होने से यात्रियों को काफी राहत मिली। कहा कि ऐसे में अब कोटद्वार से जयपुर के लिए भी ट्रेन का संचालन किया जाना चाहिए। इस सेवा से सबसे अधिक लाभ भारतीय सेना में तैनात गढ़वाल के युवाओं को मिलेगा। व्यापारियों ने कोटद्वार-दिल्ली के मध्य सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस का समय गढ़वाल व कोटद्वार वासियों के अनुकूल प्रातः पांच बजे कोटद्वार के लिए करने की मांग उठाई। कहा कि दिल्ली से भी ट्रेन की वापसी का समय शाम पांच बजे किया जाना चाहिए, इससे क्षेत्रवासियों को दिल्ली में खरीददारी व घूमने का पूरा समय मिल जाएगा। साथ ही व्यवस्थाओं में भी काफी सुधार होगा। इस मौके पर सेवक राम, अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 14 जुलाई तक करें आवेदन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए एक वर्षीय निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय लैंसडौन के सहायक अधिकारी महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं व उनके आश्रितों को स्वरोज़गार और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु शुरू किया जा रहा है। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 14 जुलाई तक अपना नाम जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, लैंसडौन में दर्ज करा सकते हैं।

## नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में 3-डी डिजाइन का प्रयोग करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित केंद्र व राज्य पोषित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों को आकर्षक बनाने के साथ ही जहां बिजली नहीं है, वहां सौर ऊर्जा का प्रयोग करने, भवनों की दीवारों पर बच्चों की शिक्षा और मनोरंजन के लिये आकर्षक पेंटिंग कराने को कहा। कहा कि नए केंद्रों के निर्माण में 3-डी डिजाइन का प्रयोग किया जाए। डीएम ने जिले में 237 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करते हुए प्रथम चरण में 60 आंगनबाड़ी केंद्रों को उत्कृष्ट बनाने के निर्देश भी अफसरों को दिए। कहा कि भविष्य में सभी केंद्रों में इसे विस्तारित किया जाएगा।

गुरुवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के अभिभावकों के साथ नियमित रूप से बैठक हो। उन्होंने किशोरियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिलवाने के निर्देश भी दिए। कहा कि कोई भी आंगनबाड़ी केंद्र बंद न रहें। इसके लिये नजदीकी केंद्र से संचालन की व्यवस्था बनाई जाए। गर्भवती महिलाओं के आंकड़ों पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ समंवय से आंकड़े संकलित कर लाभार्थियों का संयोजन करे। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में मनोरंजक पाठ्यक्रम बनाने के निर्देश अफसरों को दिए। कहा कि हर आंगनबाड़ी केंद्र में माह में एक दिन प्रतिभा दिवस मनाया जाए, जिससे बच्चों की प्रतिभा को पहचाना जा सके तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया जा सके। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने बताया कि कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों को पोषित श्रेणी में लाने के लिये जिले में फ्योंली कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागीय अफसरों द्वारा कुपोषित और अतिकुपोषित को गोद लिया गया है। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी जयहरीखाल महबूब खान, कोट अंजू चमोली, पौड़ी आशा रावत, यमकेश्वर अंजू गौड़, पाबौ चंद्रकांता काला, एकेश्वर हेमंती रावत आदि मौजूद रहे।

## वन भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही तेज करें

नई टिहरी : आपदा को देखते हुए गुरूवार को एडीएम एके सिंह ने टिहरी नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाने, नालियों की सफाई, पेयजल लाईनों को नालियों से हटाने ओर डंपिंग जोन के लिए वन भूमि हस्तांरण की कार्यवाही तेज करने को कहा। एडीएम ने दूरदर्शन केन्द्र के समीप लोक निर्माण विभाग की सड़क पर जल निकासी को पानी को अलग-अलग स्थानों से डायवर्ट करने तथा नाली की सफाई करने को कहा। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका को आफिसर कालोनी तथा कान्वेंट स्कूल के पास बन्द नाली को खुलवाने व नाली के ऊपर कब्जे वाली जाली लगाने को कहा। एनएच 707ए पर जल निकासी के लिए उचित व्यवस्था करने, डी ब्लाक में नाली खुलवाने एवं सफाई करने, हनुमान चौक के पास एनएच के क्षतिग्रस्त पुश्ते को ठीक करवाने, जिला चिकित्सालय के समीप पार्किंग को लेकर नक्शा चैक करने को अधिकारियों को निर्देशित किया। (एजेंसी)

# अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी, हर गरीब को मिले न्याय : ऋतु

## कोटद्वार बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विस अध्यक्ष ने दिलवाई शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**



कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। कहा कि हर गरीब को न्याय मिलें इसके लिए अधिवक्ताओं को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के लिए बन रहे भवन का निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने सहित अन्य समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

गुरुवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला, बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने सभी लोगों का स्वागत किया। विस अध्यक्ष ने कहा कि जैसे एक सैनिक, अध्यापक देश सेवा के लिए कार्य करता है। उसी प्रकार एक अच्छा अधिवक्ता समाज को न्याय दिलवाने के लिए कार्य करता है। समाज के अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति को भी सस्ता व शुलभ न्याय मिलना चाहिए, जिसकी जिम्मेदार कोटद्वार बार एसोसिएशन की है।

कहा कि वर्तमान में समाज में कई लोग एसे है, जिन्हें अपने मूल अधिकारों की जानकारी नहीं है, जिससे वे अपने अधिकारों से वंचित रह जाते है। कहा कि अधिवक्ताओं को एसे लोगों को अधिकारों के लिए जागरूक करना होगा, साथ ही उन्हें सस्ता व शुलभ न्याय दिलाने की कोशिश करनी होगी। कार्यक्रम में अधिवक्ता अनिल खंतवाल ने कोटद्वार बार एसोसिएशन की तरफ से मांग पत्र पढ़ा।

जिसमें तहसील परिसर में अधूरे बार भवन का निर्माण, सिम्मलचौड स्थित बार भवन में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण, तहसील परिसर में शौचालय का निर्माण, कोटद्वार में उपभोक्ता फोरम का शिविर लगाए जाने की मांग की गई। मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद जोशी, सचिव रंजीत कौर, उपाध्यक्ष राजीव पटवाल, कोषाध्यक्ष सुधाकर बड़ोला, सह सचिव रोहित कपटियाल को शपथ दिलवाई।

इस मौके पर बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सिंह भंडारी, सुखपाल, पूर्व अध्यक्ष अजय पंत, धनीश पोखरियाल, नरेंद्र सिंह रावत, हेमेंद्र नौटियाल, आशुतोष कंडवाल, डा. जेपी ध्यानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, किशन पंवार, अमित सजवाण सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बेहतर समाज निर्माण में योगदान दे रहे गुरुजन : ऋतु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गुरु पूर्णिमा के मौके पर जानकीनगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने गुरुजनों को सम्मानित भी किया। कहा कि बेहतर समाज निर्माण में गुरु का बड़ा योगदान होता है।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विस अध्यक्ष ने कहा कि गुरुओं के सही मार्गदर्शन से हम एक अच्छे समाज की रचना कर सकते है। कहा कि शिक्षकों का काम एक विद्यार्थी को पढ़ाने के साथ एक अच्छे समाज में अच्छा नागरिक बनाने का भी होना चाहिए।

उन्होंने मां के बाद दूसरे नंबर पर गुरुओं की महता को बताया। कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ नंबर लाकर टॉप करवाना बच्चों को नहीं होना चाहिए, हमें बच्चों को बेहतर संस्कार भी देने होंगे।



आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विस अध्यक्ष व शिक्षक

जिससे वह समाज में रहकर अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बन सके। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, पार्षद नगर निगम कोटद्वार नीरूबाला खंतवाल, हरि सिंह पुंडीर, इफको डायरेक्टर उमेश त्रिपाठी, उमेद सिंह बिष्ट, रितेश शर्मा, मनोज कुकरेती, मेहरबान सिंह कंडारी, चंदन सिंह, चंदन सिंह लोहनी, कुलदीप सिंह, रणवीर सिंह, प्रदीप गोसाई, प्रदीप नौटियाल, अनीता आर्य, आदि लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल ने किया।

## आईटीआई जाने वाले मार्ग को सुधारने की उठाई मांग

चमोली : नगर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जाने वाला मार्ग लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका की लापरवाही के कारण बदहाल बना है। सामाजिक कार्यकर्ता अनूप चौहान ने कहा कि कनखुल रोड से आईटीआई तक जाने का मोटर मार्ग है। लेकिन इस सड़क पर डामर पूरी तरह से उखड़ गया है। नालियां भी नहीं हैं और बरसात का पानी मार्ग पर बहने से सड़क बदहाल बनी है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में आवासीय मकान भी हैं। सड़क खराब होने से यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना पर हो सकती है। कहा कि शीघ्र इस मार्ग को सही किया जाय। अन्यथा किसी भी अनहोनी के लिए प्रशासन और सम्बंधित विभाग जिम्मेदार होगा। इस मार्ग पर दिनभर में सैकड़ों दोपहिया वाहनों का आना जाना रहता है। (एजेंसी)

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन पत्रों की जांच पूरी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तीनों विकासखंडों (ऊखीमठ, जखोली एवं अगस्त्यमुनि) में तीन दिनों तक चली नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की विस्तृत जांच की गई। जिले की 18 जिला पंचायत सीटों पर कुल 96 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें से एक नामांकन पत्र को अमान्य घोषित किया गया, जबकि शेष 95 नामांकन वैध पाए गए। वहीं ऊखीमठ ब्लॉक की बात करें तो ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 297 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से 29 नामांकन निरस्त कर दिए गए और 268 वैध घोषित हुए। इसी ब्लॉक में प्रधान पद हेतु 155 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जो सभी जांच में सही पाए गए। क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए भी 79 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जो सभी वैध घोषित हुए। जखोली ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 350 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें से 22 नामांकन पत्रों को निरस्त किया गया और 328 नामांकन वैध घोषित हुए। ग्राम प्रधान पद के लिए 291 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे, जिनमें से 2 को अमान्य घोषित किया गया, जबकि 289 वैध पाए गए। क्षेत्र पंचायत सदस्य पद हेतु 139 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनमें से कोई भी निरस्त नहीं हुआ और सभी को वैध माना गया। वहीं अगस्त्यमुनि ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 459 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनमें से 43 नामांकन निरस्त किए गए, जबकि 416 नामांकन वैध घोषित किए गए। ग्राम प्रधान पद के लिए प्राप्त 416 नामांकन पत्रों में से 3 निरस्त हुए और 413 नामांकन पत्र सही पाए गए।

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असि0 कलैक्टर (प्रथम श्रेणी) कोटद्वार-गढ़वाल।**
**रा0 वाद संख्या - 21 / सन् 2023**
**श्रीमती मंजीत कौर बनाम् उत्तराखण्ड सरकार आदि**
**समन बनाम —**

1. राजेश पुत्र सालिगराम, 2. महेश, पुत्र सालिगराम, 3. रवि पुत्र सालिगराम, 4. रजनीश पुत्र सालिगराम निवासीगण ग्राम पनियाली तल्ली, लकड़ी पड़ाव, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, 5. सोमपाल पुत्र रेवाराम, निवासी गाड़ीघाट कोटद्वार गढ़वाल, 6. नयनसुख पुत्र दुर्गाप्रसाद, 7. उत्तम पुत्र नत्थूप्रसाद, 8. आशाराम पुत्र बगवानदास, 9. भगवती पुत्र नारायणदास, 10. भीम सिंह पुत्र गिरवर सिंह, 11. रामरतन सिंह पुत्र विहारीलाल, 12. रानी देवी पत्नी मोतीराम, 13. रघुवीर सिंह पुत्र वचन सिंह, 14. दिलवर सिंह पुत्र वचन सिंह, 15. विनोद सिंह पुत्र वचन सिंह, 16. बाबूराम पुत्र नारायणदत्त, 17. चन्द्रपाल पुत्र मुखराम, 18. हेमपाल पुत्र मुखराम, 19. ओमकार पुत्र मुखराम, 20. कमल पुत्र मुखराम, 21. ओमप्रकाश पुत्र मुखराम, 22. राकेश पुत्र मुखराम, 23. महेश पुत्र मुखराम, 24. रवि पुत्र मुखराम, 25. सतीश पुत्र मुखराम, 26. ओमप्रकाश पुत्र मायाराम, 27. सतीशचन्द्र पुत्र मायाराम, 28. शिवचरण पुत्र प्रेमराम, 29. सेनादेवी पत्नी रमेश, 30. भगवती चरण पुत्र मान सिंह, 31. जोगरात सिंह पुत्र रतनलाल, 32. रणजीत सिंह पुत्र रतनलाल, 33. रामगोपाल पुत्र लाल सिंह, 34. ठाकुरदास पुत्र मान सिंह, 35. रामगोपाल पुत्र प्राण सिंह, 36. मुरारीलाल पुत्र कुन्दनलाल, 37. रानीदेवी पत्नी मोतीराम, 38. रामप्रसाद पुत्र विलाशीराम, 39. शांति देवी पत्नी मंगली, 40. राकेश कुमार पुत्र बसन्तलाल, 41. कमलेश कुमार पुत्र मंगतराम, 42. रूपवती पत्नी तोताराम, 43. योगेश कुमार पुत्र इन्द्र सिंह, 44. मेघराज पुत्र इन्द्र सिंह, 45. इसरार अहमद पुत्र साहिद, 46. राजेन्द्र पुत्र बाबूराम, 47. रानी देवी पत्नी मोतीराम, 48. फरमान पुत्र मतलूब रहमान समस्त निवासीगण ग्राम पनियाली तल्ली, लकड़ी पड़ाव, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड।

हरगाह वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद अन्तर्गत धारा-229 बी उ0प्र0ज0वि0 एवं भू0सु0अधि0 के अन्तर्गत पेश किया है जिसमें आपकी उपस्थिति वांछनीय है।

अतः आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 20-8-2025 को बवक्त 10 बजे दिन मेरे न्यायालय असालतन या वकालतन न्यायालय उपस्थित होकर अपनी पैरवी करना सुनिश्चित करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत में आज दिनांक 4-7-2025 को जारी किया गया।

**आज्ञा से,**
**असि0कलै0प्र0श्रे0 कोटद्वार**
**जिला पौड़ी गढ़वाल**
**(01085/11)**

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : 4203 प्रत्याशियों के नामांकन जांच में मिले वैध



## नामांकन पत्रों की जांच में 186 प्रत्याशियों के नाामांकन हुए निरस्त

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के तहत चमोली में नाम निर्देशन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान जनपद में जिला पंचायत सदस्य, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत और सदस्य ग्राम पंचायत के 4203 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। जबकि इस दौरान 186 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए नाम निर्देशन पत्रों की जांच पूर्ण होने के बाद चमोली जनपद में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 138 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए हैं। नाम निर्देशन पत्रों की जांच के दौरान प्रधान ग्राम पंचायत के 1654 नामांकन वैध पाए गए, जबकि 16 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किए गए हैं। वहीं सदस्य क्षेत्र पंचायत 790 और सदस्य ग्राम पंचायत के 1621 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए। नाम निर्देशन पत्रों की जांच में सदस्य क्षेत्र पंचायत के 12 तथा सदस्य ग्राम पंचायत के 158 नामांकन निरस्त किए गए हैं। वर्तमान में जनपद में सभी पदों के लिए 4203 प्रत्याशियों के नामांकन वैध घोषित किए गए हैं। जिसके बाद अब 10 व 11 जुलाई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्याशियों को प्रथम चरण के लिए 14 जुलाई और द्वितीय चरण के लिए 18 जुलाई को प्रतीक चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित तिथियों के अनुसार नामांकन और नाम निर्देशन पत्रों के जांच की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में शांतिपूर्ण और सफल मतदान प्रक्रिया के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

# दुर्गम क्षेत्रों की महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु स्वास्थ्य विभाग की सकारात्मक पहल

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : मानसून के दौरान चमोली जिले के दुर्गम क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए जोखिम बढ़ जाता है। इन परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष रणनीति के तहत गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है। जनपद के सभी 9 विकासखंडों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं का सर्वे कर रहे हैं। इस कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सभी संबंधित कर्मियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। इसका उद्देश्य संभावित प्रसव वाली महिलाओं की समय रहते पहचान कर उन्हें सुरक्षित प्रसव हेतु स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अभियान के अंतर्गत पोखरी ब्लॉक की 22 वर्षीय सुनीता देवी, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला की समय पर पहचान की गई। महिला को खून की कमी (एनीमिया) होने के कारण गंभीर प्रसव जटिलताओं की आशंका थी। आशा कार्यकर्ता श्रीमती रोशनी देवी और एनम श्रीमती प्रीति पुरोहित ने समय रहते गर्भवती महिला को प्रेरित किया और जिला कार्यक्रम प्रबंधक नरेंद्र सिंह से समन्वय कर महिला को तुरंत जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेजा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता के निर्देशन और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैष्णव कृष्णा की देखरेख में महिला को आयरन सुक्रोज इंजेक्शन के माध्यम से आयरन थेरेपी दी गई।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **SNT-ARC-CEL-Cards-MB-2024** रिपेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 3 इयर्स ऑफ़ वेरियस टाइप ऑफ़ सीईएल मेक एसएसडीएसी/एचएएसएसडीएसी/एमएसडीएसी कार्डों ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 23911319.70 | 269600.00 | Nil | 11.08.2025 15:00 hrs. |
| 2 | **SNT-Sig-DDN-SRE-RDPMS-mb** प्रोविजन ऑफ़ आईओटी बेस्ड रिमोट डायग्नोस्टिक एंड प्रिवेंटिव मेंटेनेंस सिस्टम इन डीडीएन-एसआरई सेक्शन ओवर रूट ऑफ़ वंदे भारत ट्रेन | 80288828.37 | 551500.00 | Nil | 11.08.2025 15:00 hrs. |
| 3 | **RT-SNT-TELE-RAILNET-22-23** मुरादाबाद मंडल के प्रमुख स्टेशन, डिपो, स्टोर पर रेलनेट कनेक्टिविटी। | 31997196.04 | 310000.00 | Nil | 11.08.2025 15:00 hrs. |

नोटः— निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना— SNT-ARC-CEL, DDN-SRE-RDPMS-TELE-RAILNET दिनांक 10.07.2025 2077/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### सहस्रधारा रोड पर जनरल स्टोर के पास कार लगाने पर मारपीट

देहरादून। सहस्रधारा रोड पर आईटी पार्क क्षेत्र में जनरल स्टोर के पास कार लगाने पर मारपीट हो गई। आरोप है कि जनरल स्टोर और रेस्टोरेंट संचालक ने कई लोगों को बुलाकर कार चालक दो दोस्तों के साथ जमकर मारपीट की। मामले में राजपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजपुर थानाध्यक्ष शैंकी कुमार ने बताया कि घटना छह जुलाई की शाम की है। लेन नंबर तीन, दो बच्ची रोड, राजेश्वर नगर, फेज-6 निवासी मनू बलेचा अपने मित्र के साथ कान्हा जनरल स्टोर के पास सिंह तंदूरी ढाबे पर खाना खाने गए थे। उन्होंने अपनी कार कान्हा जनरल स्टोर के पास पार्क की थी। स्टोर संचालक ने आपत्ति जताते हुए गाड़ी हटाने को कहा। मनू ने जवाब दिया कि खाना खाने के बाद गाड़ी हटा लेंगे। क्योंकि, गाड़ी दुकान के ठीक सामने नहीं थी। इस बात पर स्टोर संचालक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। तब दोनों पक्षों में बहस हो गई। आरोप है कि जनरल स्टोर और पास के रेस्तरां संचालक ने फोन करके अभिनव नेगी और तीन अन्य लोगों को बुलाया। इन लोगों ने मनू बलेचा और उनके मित्र के साथ गाली-गलौज की और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में मनू को कमर, सिर और कोहनी में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग बीच-बचाव के लिए आए। तब मनू और उनका मित्र किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट को लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

### गोरखाली सुधार सभा ने वीर सैनिक और मेधावियों का किया सम्मान

देहरादून, गोरखाली सुधार सभा की लच्छीवाला शाखा का वार्षिक अधिवेशन शाखा अध्यक्ष प्रदीप क्षेत्री की अध्यक्षता में लच्छेश्वर शिव मंदिर लच्छीवाला में हुआ। जिसमें शाखा की ओर से मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा, महामंत्री गोपाल क्षेत्री, सांस्कृतिक सचिव के. वाईबी थापा, मीडिया प्रभारी प्रभा शाह शाखा के मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, वीर सैनिक और वीरनारी सम्मान प्रदान किया। मेधावी छात्र निशिता थापा, निखिल थापा, भूमि गुरुंग, देवांश थापा, श्रद्धा गुरुंग को छात्रवृत्ति दी गई। वीर सैनिक सम्मान 1962, 1965 और 1971 के युद्ध में वीरता से लड़ने वाले व छह माह युद्ध बंदी रहने वाले वयोवृद्ध वीर सैनिक राम प्रसाद क्षेत्री, वीर नारी सम्मान मंजू अधिकारी धर्मपत्नी वीर चक्र अलंकृत शहीद गोविंद अधिकारी को प्रदान किया गया। मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष देवराज अधिकारी, किशोर श्रेष्ठ, फतेह बहादुर, रेखा राना, सुशील थापा, धन प्रसाद थापा, संजय गुरुंग उपस्थित रहे।

### मंत्री ने किया कैनाल रोड में क्षतिग्रस्त दीवार का निरीक्षण

देहरादून। गुरुवार सुबह मसूरी विधानसभा क्षेत्र के दून-कैनाल रोड स्थित बाला सुंदरी मंदिर के पास भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हुई दीवार की सूचना मिलने पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर मुख्य मार्ग से लगी क्षतिग्रस्त दीवार के पुनर्निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पूर्व पार्षद कमल थापा, अमित कुमार, नरेश पुंज, राजेश्वर, सुरेंद्र राणा, सोनू, आशुतोष, आशीष थापा, रितेश अग्रवाल, दीपक कुकरेती सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### स्कूल वैन संचालकों को बांटे स्टील के बर्तन सेट

देहरादून। तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) की ओर से आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्कूली वाहन चालकों को स्टील बर्तन सेट (कटलरी) वितरित किए गए। संचालकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल बर्तनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता को लेकर देश में विशेष योजनाएं अभियान चला रहे हैं, लेकिन स्वच्छता योजनाएं तभी सफल होंगी जब आम जनमानस अपनी जिम्मेदारियों के साथ इस अभियान से जुड़ेंगे क स्कूल वैन एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने इस पहल की सराहना की। इस मौके पर विधायक कैंट सविता कपूर, ओएनजीसी के वरिष्ठ अधिकारी अरुण सिंह, वेस्ट वॉरियर्स संस्था के सहायक निदेशक नवीन कुमार सडाना, विपिन जोशी, राजकुमार तिवारी, बबलू, सुरेश प्रजापति, ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्राउंडिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के लिए तैयारियां समय से पूर्ण करें

### मुख्यमंत्री ने सीएम आवास में उच्च स्तरीय बैठक में दिये अधिकारियों को निर्देश



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को रुद्रपुर में प्रस्तावित 1 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के लिए तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भव्य और प्रभावशाली स्वरूप में आयोजित किया जाए, जिससे राज्य की औद्योगिक प्रगति को नई गति और पहचान मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भव्य आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन राज्य के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगा तथा उत्तराखंड के युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान करेगा। वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य सरकार को 3.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इनमें से 1 लाख करोड़ की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जो उत्तराखंड के औद्योगिक विकास के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देगा और राज्य की आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सजगता और समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं, जिससे राज्य की सकारात्मक छवि और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश-दुनिया के समक्ष सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, आर.मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी.अंशुमन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, प्रबंध निदेशक उद्योग सौरभ गहरवार उपस्थित थे।

### सीबीएसई नार्थ जोन बाक्सिंग चैंपियनशिप 12 जुलाई से

देहरादून। सीबीएसई नार्थ जोन बाक्सिंग प्रतियोगिता 12 जुलाई से 16 जुलाई तक आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में उत्तर भारत के 213 स्कूलों के एक हजार से भी अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। बलूनी ग्रुप के एमडी विपिन बलूनी ने गुरुवार प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा के बाद ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन ने प्रतियोगिता के लिए व्यापक इंतजाम किये हैं। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था स्कूल की ओर से ही की जाएगी। सीबीएसई नार्थ जोन बाक्सिंग चैंपियनशिप का आगाज 12 जुलाई को सुबह होगा। दून बलूनी बाक्सिंग एकादमी के कोच प्रदीप कुमार ऐरी ने बताया कि प्रतियोगिता का ड्रा 11 जुलाई को निकाला जाएगा। 12 जुलाई से प्रतियोगिता शुरू हो जाएगी।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : 7788 नामांकन पत्रों में से कुल 404 नामांकन निरस्त

नई टिहरी : जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत बीते तीन दिनों तक चली नामांकन पत्रों की जांच के बाद विभिन्न पदों पर प्राप्त कुल 7788 नामांकन पत्रों में से कुल 404 नामांकन निरस्त किये गये हैं। जनपद के सभी 9 विकासखण्डों से सदस्य ग्राम पंचायत के 7467 पदों के लिए कुल 3766 नामांकन प्राप्त हुए थे। जिनमें से 337 नामांकन निरस्त किए गए। प्रधान ग्राम पंचायत के 1049 पदों के लिए प्राप्त 2579 नामांकन पत्रों में से 25 निरस्त, सदस्य क्षेत्र पंचायत के 351 पदों के लिए प्राप्त 1225 नामांकन पत्रों में से 31 निरस्त तथा सदस्य जिला पंचायत के 45 पदों के लिए प्राप्त 218 नामांकन पत्रों में से 11 नामांकन पत्र निरस्त किये गए हैं। सदस्य ग्राम पंचायत के विकासखंड भिलंगना में 142, विकासखंड चम्बा 17, विकासखंड देवप्रयाग 12, विकासखंड जाखणीधार 10, विकासखंड जौनपुर 90, विकासखंड कीर्तिनगर 12, विकासखंड नरेन्द्रनगर 11, विकासखंड प्रतापनगर 43 नामांकन पत्र निरस्त किये गए। प्रधान ग्राम पंचायत के विकासखंड भिलंगना में 10, विकासखंड चम्बा 2, विकासखंड जाखणीधार 1, विकासखंड जौनपुर में 2, विकासखंड कीर्तिनगर में 1, विकासखंड नरेन्द्रनगर 1, विकासखंड प्रतापनगर 10 नामांकन पत्र निरस्त किये गये हैं। सदस्य क्षेत्र पंचायत के विकासखंड भिलंगना में 10, विकासखंड चम्बा 1, विकासखंड देवप्रयाग 1, विकासखंड जाखणीधार 2, विकासखंड जौनपुर में 3, विकासखंड कीर्तिनगर 2, विकासखंड नरेन्द्रनगर 2, विकासखंड प्रतापनगर में 10 नामांकन पत्र निरस्त किये गए। जबकि सदस्य जिला पंचायत के विकासखंड भिलंगना में 8, विकासखंड जाखणीधार में 1, विकासखंड जौनपुर में 2 नामांकन पत्र निरस्त किये गए। (एजेंसी)

# आस्था भक्ति से मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



नई टिहरी : गुरु पूर्णिमा पर भारत के महान आध्यात्मिक गुरुओं का पूजन कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई। बीस वर्षों में इस बार गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व आने से इसका विशेष महत्व भी था। देवप्रयाग स्थित नक्षत्र वेधशाला संस्थान में योगाचार्य भास्कर जोशी की अगुवाई में गुरु पूर्णिमा पर्व आस्था भक्ति से मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद, रमण महर्षि, योगेश्वर महाराज, लाहड़ी महाशय, महा अवतार बाबा सहित प्रसिद्ध विद्वान मुकुंद दैवज्ञ, आचार्य चक्रधर जोशी आदि सिद्ध गुरुओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। भारत के महान गुरुओ से देश व विश्व की सुख समृद्धि की प्रार्थना की गयी। इस मौके पर क्षेत्र प्रमुख कोट धर्मवीर, प्रदीप कपूर, योगेश मावी, दीपक ध्यानी, शेखर, सूरज भट्ट, शुभांगी कोटियाल, बृजेश पंचभैया, श्याम राजपूत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### गुरु पूर्णिमा पर मंत्री जोशी ने माता और गुरुओं का लिया आशीर्वाद

देहरादून। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को दिन की शुरुआत अपनी माता मोहनी जोशी का आशीर्वाद लेकर की। इसके पश्चात मंत्री गणेश जोशी कैंट विधायक सविता कपूर के इंद्रानगर स्थित आवास पहुंचे और अपनी गुरु माता सविता कपूर से आशीर्वाद लिया।

वहां उन्होंने स्वर्गीय हरबंस कपूर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वह आज जो कुछ भी हैं, वह अपने राजनैतिक जीवन के गुरु हरबंस कपूर और गुरु माता सविता कपूर के मार्गदर्शन से हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# जिपं सुमाड़ी वार्ड से पूरण ने लिया नाम वापस, भाजपा का थामा दामन



रुद्रप्रयाग : जिला पंचायत सुमाड़ी वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी पूरण सिंह कठैत ने अपना नामंकन वापस ले लिया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी भारत भूषण भट्ट को अपना समर्थन देते हुए नामांकन वापस लिया है। साथ ही विधायक ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने उनको माला पहनाकर भाजपा में शामिल किया। भाजपा में शामिल होने पर पूरन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विधायक भरत सिंह चौधरी के कार्यों से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुमाड़ी से भाजपा का जिला पंचायत सदस्य को जीताकर अपने गांव और क्षेत्र के लिए विकास के कार्य करवाएंगे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वाचस्पति सेमवाल, अजय सेमवाल, सतेंद्र बर्त्वाल, हरि सिंह राणा, सतीश जोशी, हरि सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# ऋषिकेश में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया



ऋषिकेश। ऋषिकेश में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर, ऋषिकेश के विभिन्न आश्रमों और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां बड़ी संख्या में शिष्य अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने पहुंचे। वैदिक मंत्रों के साथ गुरु पूजन कर शिष्यों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। वेदपाठियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समाधि स्थल पर पंचांग पूजन व अनुयायियों ने गुरु पादुका पूजन किया। गुरुवार को जयराम आश्रम में आयोजित विशेष कार्यक्रम में जयराम आश्रम के पीठाधीश्वर ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने ने कहा कि सेवा के बल पर यह संस्था सात पीढ़ियों से निरंतर समाज के लिए समर्पित कार्य करती आ रही है। उन्होंने पूज्य जयराम महाराज से लेकर गुरुदेव देवेंद्रस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज तक की निष्कलंक सेवा का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि आप सभी का साथ बना रहा, तो हम सेवा का एक नया इतिहास रचेंगे, और यह संस्था समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने गुरु को मानव जीवन का समाधान बताया और कहा कि जिस भी व्यक्ति के जीवन में कोई उलझन हो, उसे गुरु की शरण में जाना चाहिए। अहंकार का परित्याग कर पूर्ण शरणागत होकर मन के मैल को धोना चाहिए, ताकि जीवन श्रेष्ठ मूल्यों की ओर अग्रसर हो सके। जीवन में हर व्यक्ति को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए समाज निर्माण हेतु कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जगमोहन सकलानी,विनोद अग्रवाल, अशोक शर्मा, अशोक रस्तोगी, शिव सहगल, दीप शर्मा, कर्मवीर शर्मा, गंगाराम आडवानी,पीडी शर्मा,बचन पोखरियाल, विनय उनियाल, मुकुल शर्मा, पूर्व मेयर अनिता ममगाईं, प्रदीप शर्मा, पूर्व मंत्री मंगतराम सिंगला (दिल्ली सरकार), संजय सिंगला,बीएम बडोनी,मुनीष शर्मा,मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे। शंकराचार्य समाधि संस्थान दंडीबाड़ा जनार्दन आश्रम में गुरुपर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। ज्योतिष्पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम महाराज का समाधि एवं चरणपादुका पूजन उपरांत समस्त आश्रम परिवार ने स्वामी केशवस्वरूप ब्रह्मचारी के सानिध्य में गुरु पूजन किया। अभय चैतन्य महाराज ने कहा कि गुरु पूजन की परंपरा सनातन की अमरबेल है।

### मुखबा-जांगला मार्ग के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने राज्य योजना के अंतर्गत हर्षिल- मुखबा-जांगला मोटर मार्ग के निर्माण को लेकर समन्वय बनाकर प्रस्ताव तैयार करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मार्ग निर्माण हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए राज्य सरकार की भूमि उपलब्ध कराये जाने और इस संबंध में संबंधित अधिकारी से जांच कराकर सरकार के स्वामित्व की भूमि का चिन्हीकरण करने को कहा। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने गुरुवार को मुखबा गांव पहुंचकर संबंधित अधिकारियों, ग्रामीणों, गंगा समिति के पदाधिकारियों और मुखबा-जांगला मोटर मार्ग संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मुखबा क्षेत्र के स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही सड़क की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने पूर्व में दिये गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने गंगा मंदिर समिति और ग्रामीणों की समस्या को सुना और उनकी समस्या के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

# समस्याओं के निदान को आंदोलन करेगा पेंशनर्स संगठन

ऋषिकेश। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन मुनिकीरेती-ढालवाला विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करेगा। पंचायत चुनाव के बाद स्वास्थ्य प्राधिकरण में धरना देंगे। इसके लिये संगठन ने आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली है। गुरुवार को पेंशनर्स भवन ढालवाला में शूरवीर सिंह चौहान कीअध्यक्षता एवं भगवती प्रसाद उनियाल के संचालन में बैठक हुई। चौहान ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर संगठन आंदोलन करेगा। पंचायत चुनाव के बाद स्वास्थ्य प्राधिकरण में एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। इसके बाद भी समस्या का समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जायेगा। आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। भगवती प्रसाद उनियाल ने कहा कि सदस्यों द्वारा मांग की गई कि पारिवारिक पेन्शनर्स से उत्तरजीवी प्रमाण पत्र कोषागार द्वारा न मांगा जाये। कोषाध्यक्ष जबर सिंह पंवार ने सरकार से सभी बड़े-छोटे अस्पतालों को गोल्डन कार्ड की योजना से जोड़ने, ओपीडी निःशुल्क करने एवं प्रदेश के लगभग 35 हजार पेंशनर जो गोल्डन कार्ड की योजना में शामिल किये जाने की मांग की। बैठक में नये सदस्य सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह कण्डारी एवं पीएल रतूड़ी का संगठन की सदस्यता ग्रहण करने पर स्वागत किया गया। बैठक में शीला रतूडी, प्रेमवती पाण्डेय, महालक्ष्मी बिजल्वाण,अनिता सेमवाल, राधा रानी बिष्ट, यशोदा बडोला, दीपाभट्ट, संगीता उनियाल, खुशहाल सिंह राणा, शूरवीर सिंह असवाल, हृदय राम सेमवाल, दिगंबर वेदवाल, मोहन सिंह रावत, विशाल मणि पैन्यूली, राम मोहन नौटियाल, जयन्ती प्रसाद चमोली, जयपाल सिंह नेगी, सूरत सिंह रावत, संग्राम सिंह राणा, पूरण सिंह चौहान, अरविन्द तोमर, गोरा सिंह पोखरियाल आदि उपस्थित रहे।

# लाखों स्मैक के साथ बरेली का स्मैक तस्कर दून में गिरफ्तार



देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ और रायपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बरेली के स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी तस्कर से 102 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की गई। जिसकी कीमत तीस लाख रुपये होने का दावा किया गया है। दून में स्मैक की डिलीवरी तोहिद नाम के व्यक्ति को होनी थी। आरोपी से उसका नंबर पुलिस को मिला। तोहिद की तलाश शुरू कर दी गई है। एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि बरेली के स्मैक तस्कर के दून में स्मैक की डिलीवरी लेकर आने की सूचना मिली। आरोपी का बुधवार देर शाम सहस्त्रधारा रोड इलाके में होने का पता लगा। रायपुर थाना पुलिस को साथ लेकर टीम बनाई गई। टीम ने सहस्त्रधारा रोड पेरिस विहार जाने वाली गली के पास खाली प्लाट से धीरेंद्र कुमार उम्र 46 वर्ष निवासी गंगोत्री विहार, निकट क्लासिक अपार्टमेंट मूल निवासी राजीव नगर नकटिया थाना कैंट बरेली को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया। उसके पास मिले बैग से स्मैक बरामद हुई। आरोपी को रायपुर थाने ले जाकर उसके खिलाफ मयूर विहार चौकी इंचार्ज राजीव धारीवाल की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया और पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह तोहिद नाम के व्यक्ति के संपर्क में है। बरेली में तोहिद के संपर्क वाले व्यक्ति से स्मैक लेकर आरोपी उसे तोहिद को देने पहुंचा था। आरोपी अपने व्हाट्सएप कई लोगों के संपर्क में था। उनसे भी नशा तस्करी को लेकर पूछताछ की जाएगी।

### स्वारीगाड़ में ढाई घंटे बंद रही बड़े वाहनों की आवाजाही

उत्तरकाशी। बारिश के कारण गंगोत्री हाईवे गुरुवार को स्वारीगाड़ के समीप करीब ढाई घंटे तक बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा। यहां पहाड़ी से भारी बोल्डर सड़क किनारे गिरने से बड़े वाहन आगे नहीं जा पाए। इसके चलते गंगोत्री धाम को आने जाने वाले यात्री जाम से परेशान रहे। वहीं बारिश के कारण जिले की कुल 11 सड़कें अभी भी बाधित पड़ी हैं। गंगोत्री हाईवे पर गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे भटवाड़ी से आगे स्वारीगाड़ के समीप भारी बोल्डर गिरे, जिस कारण बड़े वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। हालांकि छोटे वाहनों की आवाजाही सुचारू रही। बीआरओ की जेसीबी ने दोपहर करीब ढाई तक स्वारीगाड में बोल्डर हटाकर मार्ग को बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए खोला, जिसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# जीवन में गुरु का होना बहुत जरूरी:सौरभ सागर

देहरादून। जैन महामुनिराज आचार्य सौरभ सागर महामुनिराज के मंगल पुष्प वर्षायोग के तहत गुरुवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर एवं जैन भवन में संगीतमय भक्ति नृत्य के साथ गुरु पूजा शास्त्र भेंट एवं गुरु आरती की गई। आचार्य सौरभ सागर महामुनिराज ने भक्तों को मंगल आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में गुरु का होना अत्यंत जरुरी है, जो हमें हमारे जीवन को सही मार्ग प्रशस्त कर बाधाओं से बचाता है और मोक्ष मार्ग पर ले जाता है। मुख्य अतिथि राजीव गर्ग, डॉ. अतुल कृष्ण ने आचार्य के चरणों में श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुष्प वर्षयोग समिति द्वारा अतिथियों का सम्मान कर उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। जिनवाणी जाग्रति मंच एवं महिला जैन मिलन मूकमाटी की महिलाओं ने सुंदर मंगलाचरण एव गुरु भक्ति गीत पर प्रस्तुति दी। गुरुपूर्णिमा पर्व पर गुरुभक्तों द्वारा आचार्य को 31 शास्त्र भेंट किये गये एवं गुरु पूजन किया गया। आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा, जिसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है जो सभी आध्यात्मिक और शैक्षणिक गुरुओं को समर्पित है। इस दिन, जैन धर्मावलंबी अपने गुरुओं, विशेष रूप से जैन आचार्यों, के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हैं। जैन धर्म में गुरु-शिष्य परंपरा का बहुत महत्व है। गुरु अपने शिष्यों को ज्ञान, तप, और त्याग का संदेश देते हैं, जिससे समाज में नैतिकता, संस्कार और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के मीडिया कॉर्डिनेटर मधु जैन, विनोद कुमार जैन, मोहित जैन, शोभित जैन, मेघा जैन, रिचा जैन, शास्वत जैन समेत यूपी उत्तराखंड के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु गुरु दर्शन के लिए दून पहुंचे। गुरु पूर्णिमा पर हनुमान जी को धारण कराया चोला देहरादून, माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर में 28 वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर हनुमान जी को सिंदूर का चोला धारण कराया गया। उन्हें नए वस्त्र, आभूषण और पुष्प माला पहनाकर विशेष पूजा अर्चना की गई। संगीतमय सुंदरकांड पाठ पंडित कमल जोशी मंडली ने किया। मंदिर संस्थापक आचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने कहा गुरु वह है जिसके अंदर गुरूर ना हो। उन्होंने टपकेश्वर महादेव मंदिर के ब्रह्मालीन महंत माया गिरी महाराज की समाधि में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भारत की प्रतिष्ठा विश्वगुरु के रूप में होगी: रामदेव



हरिद्वार। योगगुरु रामदेव ने कहा कि आज पूरे विश्व में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। वर्चस्व सत्य, योग, अध्यात्म और न्याय का होना चाहिए। अलग-अलग कारणों से पूरी दुनिया में अलग-अलग प्रकार के वैचारिक उन्माद, मजहबी उन्माद, भौतिकवाद, इंटिलेक्चुअल टैरिरिज्म, रिलिजियस टैरिरिज्म, पॉलिटिकल, इकॉनोमिकल टैरेरिज्म, मेडिकल टैररिज्म, एजुकेशनल टैररिज्म चल रहे हैं। ऐसे में पूरे विश्व को भारत से शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक दिशा मिलेगी और भारत की प्रतिष्ठा विश्वगुरु के रूप में होगी। यह बातें उन्होंने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहीं। गुरु-शिष्य परंपरा की अनुपम विरासत को समर्पित पर्व गुरु पूर्णिमा पतंजलि योगपीठ के योगभवन ऑडिटोरियम (योगपीठ-2) में श्रद्धा, समर्पण और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। आयोजन में पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव और महामंत्री आचार्य बालकृष्ण की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों ने एक-दूसरे को पुष्पमाला अर्पित कर गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दीं और गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को विस्तार से बताया। योगगुरु रामदेव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल पर्व नहीं, बल्कि सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का दिन है। यह पर्व भारत की ऋषि परंपरा, वेद परंपरा और गुरु परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि गुरु, वेद और ऋषि परंपरा में ही राष्ट्र धर्म समाहित है। यही परंपराएं भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रही हैं। उन्होंने पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें ऋषित्व और देवत्व का जीवन अपनाना होगा, जिससे समाज में नई चेतना और क्रांति का संचार होगा। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल परंपरागत पर्व नहीं है, बल्कि यह गुरु के प्रति पूर्ण श्रद्धा, आस्था और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस पर्व की सार्थकता तभी है जब हम अपने गुरु के बताए मार्ग का निष्ठा से पालन करें और उनके निर्देशों का जीवन में आलंबन लें। कहा कि भारत गुरु-शिष्य परंपरा, योग, आयुर्वेद, वेद और सनातन ज्ञान के बल पर ही विश्वगुरु बनेगा। इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने जीवन में किसी आदर्श महापुरुष, सद्गुरु या तपस्वी का आश्रय लेकर आत्मोन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो।

# दिल्ली के स्वामी वेदमूर्ति पुरी का महामंडलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक

हरिद्वार। गुरु पूर्णिमा पर पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी स्थित मां मनसा देवी चरण पादुका मंदिर परिसर में पट्टाभिषेक समारोह में दिल्ली के स्वामी वेदमूर्ति पुरी महाराज का महामंडलेश्वर पद पट्टाभिषेक किया गया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं श्री मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने विधिवत पट्टाभिषेक और चादरपोशी कर उन्हें महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की। श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि स्वामी वेद मूर्ति पुरी महाराज अब सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार का कार्य करेंगे और धर्म की पताका पूरे देश-विदेश में लहराएंगे। अब समय आ गया है कि संत समाज केवल आश्रमों तक सीमित न रहे, बल्कि समाज में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 के चुनावों में संतों को भी सहभागिता निभानी पड़ेगी, ताकि सनातन धर्म के संरक्षण संवर्द्धन और राष्ट्रहित में संतों की आवाज मुखर हो सके। पट्टाभिषेक समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि महाराज ने कहा कि सनातन धर्म को सशक्त बनाने के लिए संत समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा। धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए यह समय निर्णायक है। नवनियुक्त महामंडलेश्वर स्वामी वेद मूर्ति पुरी महाराज ने कहा कि अखाड़े की परंपराओं को देश के कोने कोने बढ़ाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में आरएसएस के क्षेत्रीय प्रमुख पदम सिंह, श्रीमहंत राजगिरि, महंत रवि पुरी, महंत रोहित गिरि उर्फ राधे, पंडित अधीर कौशिक, दशनाम गोस्वामी समाज के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद गिरि, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सीमा गिरि, दर्जाधारी मंत्री डॉ. जयपाल चौहान, डॉ. सुनील कुमार बत्रा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com